भाद्रपद कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 106 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
30 सितंबर 2023 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
32 अधिकतम
22 न्यूनतम







## बाजार वीरान, सड़कों पर जाम, नजर में आसमान व उड़ान

*आज वायुसेना दिवस पर भोपाल के बड़े तालाब पर देश का सबसे बड़ा एयरशो हुआ। इसमें लड़ाकू विमान-हेलिकाप्टर्स ने फिर हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित कर दिया। इसमें तेजस, सुखोई, सूर्यकिरण से लेकर चिनूक हेलिकाप्टर्स तक शामिल थे। खास नजारा वह भी रहा, जब चिनूक एयरक्राफ्ट ने हवा में अपनी पोजिशन को स्थिर किया और रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट ने आकर उसमें फ्यूल भरा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने भी बोट क्लब से इस शो को देखा। फोटो निर्मल व्यास/भूपेंद्र*



## पीडित बच्ची से मिले नाथ

**इंदौर। पूर्व सीएम कमलनाथ** आज इंदौर में अस्पताल में उस बालिका से मिले, जो तीन दिन पहले उज्जैन में दरिंदगी का शिकार हुई थी। उन्होंने बाद में मीडिया से कहा कि डाक्टरों ने बताया है कि बच्ची को मनोचिकित्सा की भी जरूरत है, जरूरी हुआ तो वे खुद बच्ची के इलाज की व्यवस्था दिल्ली में करेंगे। नाथ ने यह भी कहा कि मप्र में इस तरह की घटना अक्सर हो रही हैं और यह प्रकाश में भी नहीं आतीं।

## सपा की उप्र में इंडिया की ड्राइविंग सीट पर नजर



**लखनऊ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडिया जमीन पर उतरने से पहले ही विवादों के जाल में फंस सकता है। यहां सीट शेयरिंग को लेकर पेंच फंसने वाला है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव अब सीट शेयरिंग को लेकर खुलकर बोल रहे हैं। उन्होंने साफ कहा है कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी इंडिया से सीटें मांगेगी नहीं, बल्कि अपने सहयोगियों को सीटें खुद देगी। यूपी चुनाव 2022 की तर्ज पर समाजवादी पार्टी की कोशिश लोकसभा में तमाम राजनीतिक दलों को अपनी छत्रछाया में चुनाव ल?ने की है। इससे कांग्रेस से उसका मतभेद हो सकता है, माना जा रहा है कि यादव कांग्रेस को पांच से ज्यादा सीटें देने के पक्ष में नही हैं।

## चुनाव में पोस्टर-बैनर नहीं लगाएंगे, माल भी नहीं बांटेंगे गड़करी



**नागपुर एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई बात कहीं है। उनके मुताबिक वे इस लोकसभा चुनाव में अपने इलाके में बैनर-पोस्टर नहीं लगाएंगे। किसी को चाय-पानी का इंतजाम भी नहीं करेंगे। गडकरी ने वाशिम जिले में सीमेंट कांक्रीट से बनी सड़क का उद्घाटन करने के बाद कहा कि 'मैंने इस लोकसभा चुनाव में सोच लिया है कि बैनर-पोस्टर नही लगाएंगे. चाय-पानी भी नहीं करवाएंगेँ वोट देना है तो दो... नहीं तो मत दो।' गडकरी ने आगे कहा, तुमको (वोटर्स) माल-पानी भी नहीं मिलेगा, लक्ष्मी (पैसे) दर्शन नहीं होंगे. देसी-विदेसी (शराब) नहीं मिलेगी। मैं पैसा खाऊंगा भी नहीं और खाने भी नहीं दूंगा, लेकिन तुम्हारी सेवा ईमानदारी से करूंगा।

## कोचिंग संस्थानों के लिए नए नियम

**जयपुर एजेंसी।** कोटा में छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश के लिये राजस्थान सरकार ने कोचिंग संस्थानों के लिए नई गाइडलाइन-लागू कर इसके अमल के निर्देश दिये हैं। नये नियमानुसार अब कोटा सहित राज्य में सभी कोचिंग संस्थानों को इनका पालन करना होगा। इसके तहत भविष्य में कक्षा-9 से नीचे के छात्रों को कोचिंग में प्रवेश लेने से रोकने, कोचिंग संस्थानों में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी के लिये स्क्रीनिंग टेस्ट, बैच निर्धारण के लिये कोचिंग टेस्ट में प्राप्त रैंक के स्थान पर नाम के अक्षरों के क्रम में बैच तय करना प्रमुख हैं। ज्ञात हो कोटा में ही इस वर्ष अब तक 26 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं।

### राहुल की मप्र में एंट्री, निशाने पर मप्र सरकार व मोदी

# एकतरफ कांग्रेस व भाईचारा दूसरी तरफ भाजपा व नफरत

**इंदौर/शाजापुर, दोपहर मेट्रो।**
विधानसभा चुनाव के 'सीजन' में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज पहली बार मप्र में सभा की और भाजपा की शिवराज सरकार से लेकर केंद्र की मोदी सरकार तक हमलावर रहे। उन्होंने पोलायकलां में कहा कि आज एक तरफ कांग्रेस दूसरी तरफ भाजपा व आरएसएस, एक तरफ गांधीजी और भाईचारा है और दूसरी तरफ नफरत व गोडसे है। मप्र का युवा, किसान इनसे नफरत कर रहा है। जो इन्होंने जनता के साथ किया वह जनता इनके साथ कर रही है। इसीलिये हमने जनआक्रोश यात्रा मप्र में निकाली हैं। इससे पहले भारत जोडो यात्रा में हम कन्याकुमारी से चले, मप्र में हम तीन सौ किमी चले। हमने लोगों से बात की तो सामने आया कि भ्रष्टाचार का एपिसेंटर है। किसानों ने कहा कि मप्र की सरकार सही दाम नहीं देती है। यहां अठारह साल में 18 हजार किसानों ने आत्महत्या की है। राहुल ने हमने कर्नाटक में गरीबो, महिला, किसानों के लिये 5 गारंटी दी थीं। उन्होंने पीएम मोदी का भी जिक्र किया और कहा वे ओबीसी, दलित गरीबों के लिए काम नहीं करते। उन्होंने अरबपति अडानी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि यह प्रदेश अत्याचार व भ्रष्टाचार में नंबर एक है। हर व्यवस्था यहां चौपट पड़ी हैं। 18 साल से शिवराज की घोषणाएं डबल स्पीड से चल रही हैं। अब भाजपा के पास पैसा व प्रशासन का ही दम बाकी है। अब समय आ गया है कि शिवराज को प्यार से रवाना कर दें। नाथ ने कहा कांग्रेस की जब सरकार बनी थी तो हमने नीति व नियत का परिचय दिया था, किसानों का कर्जा माफ किया था और सस्ती बिजली दी थी। मगर भाजपा ने सौदे से सरकार बना ली। सभा में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरूण यादव समेत तमाम कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



### नजर में कई इलाके

जानकार सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस ने राहुल गांधी की अक्टूबर महीने में कुछ और सभाएं कराने का खाका तैयार कर लिया है। इसके जरिये मप्र कांग्रेस उन सीटों पर मजबूत पकड बनाना चाहती है, जहां उसके विधायक हैं, या पिछले चुनाव में उम्मीदवार कम अंतर से हारा था। पिछले चुनाव में राहुल ने मंदसौर में बड़ी किसान रैली से चुनाव प्रचार का आगाज़ किया था, इस बार भी मालवा निमाड़ पर कांग्रेस की खास नजरें हैं। इसीलिये प्रियंका गांधी भी 5 अक्टूबर को धार के मोहनखेडा आ रही हैं।

## मोदी आज बिलासपुर में, 3 को बस्तर में



**रायपुर एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में शामिल हो रहे हैं। दो महीने बाद होने वाले विस चुनाव के मद्देनजर उनकी सभा बहुत महत्वपूर्ण है। तीन महीने में पीएम का यह तीसरा छत्तीसगढ़ प्रवास होगा। इसके पूर्व वे रायपुर और रायगढ़ में सभा ले चुके हैं। वहीं तीन अक्टूबर जगदलपुर प्रवास पर रहेंगे। माना जाता है कि बिलासपुर और बस्तर में भाजपा के कमजोर जनाधार को देखते हुए ही यहां पीएम का कार्यक्रम तय किया गया है।

## समझना सियासत कांग्रेस और भाजपा की



**प्रसंगवश**
**राजेश सिरोठिया**

यदि कांग्रेस और भाजपा की सियासत और उसकी सियासी चालों को समझना हो तो नवंबर 2023 में संभावित चुनावी तैयारियों से समझ जा सकता है। 20 मार्च 2020 को जब कांग्रेस की सत्ता अचानक चली गई को कमलनाथ ने उसी वक्त ठान लिया कि वे कांग्रेस को सत्ता में वापस लाकर ही दम लेंगे। सोनिया गांधी ने उन्हें लाख समझाया कि वे भोपाल छोड़कर दिल्ली में पार्टी का काम संभालें लेकिन उन्होंने कहा कि वे भोपाल में कांग्रेस को सत्ता में लौटाने के बाद जो कहेंगीं, करेंगे। उसी दिन से कमलनाथ मिशन भोपाल में जुट गए और भाजपा की तर्ज पर कांग्रेस को बूथों मजबूत करन में जुट गए कमलनाथ के इस काम में हकदम बनकर दिग्विजय सिंह भी साथ चलने लगे। दोनो नेताओं की जगुलबंदी से कांग्रेस दिनोदिन मजबूत दिखने लगीं. काग्रेस कार्यकताओं में जोश भरने लगा। खासतौर से कांग्रेसियों के मन में बात भर गई कि वह न सिर्फ 15 महीने सरकार का बदला ले लेंगे बल्कि 28 साल पाया सम्मान भी वापस प लेंगे।

उधर कांग्रेसी जोश से भरे थे वहीं कारोना के बाद भापाईयों के सिर पर मायूसी छाई थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सदा की तरह सरकार की तरंगों में तल्लीन थे। भाजपाईयों की इस तंद्रा को जुलई में तोड़ा प्रियंका गांधी के ग्वालियर दौर ने। प्रियंका गांधी ने बेहद सधे हुए सुरों में कांग्रेसियों को चेताते हुए कहा कि वे चुनाव में अपन फोकस केवल और केवल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर रखें, क्योकि आम जनता से लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में सिर्फ उनके प्रति रोष है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने इ, मसले की नजाकत को तुरंत भांप लिया और शिवराज से फोकस हटाने के लिए दिल्ली के नेताओं की फौज मध्यरप्रदेश में झोंक दी।

मालवा निमाड़ में कैलाश विजयवर्गीय, महाकौशल में 35 लोधी बाहुल्य सीटों पर असर रखने वाले प्रहलाद पटैल, मध्यभारत के साथ पूरे प्रदेश के कायकर्ताओं पर असर रखने वाले नरेंद्र तोमर, आदिवासी अंचल में असर रखने वाले फग्गन सिंह कुलस्ते से लेकर राकेश सिंह और राव उदय प्रताप सिंह सरीखे नेताओं को चुनावी मैदान में उतार दिया। फिर महिलाओं से लेकर बच्चों में असर रखने वाले शिरराज मामा हैं हीं। पार्टी बीच भंवर में उनको बिल्कुल नहीं छोड़ना चाहिती। यही नहीं पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के साथ ज्योतिरात्तिय सिंधिया का भी स्टार प्रचारक का बतौर इस्तमेलाम करेगी। इन बाहुबलियों के जरिए विधानसभा की नैया पार लगावा चाहती है? फिर लोकसभा मं जरूरत होगी तो जरूरत के नेता ले लेगी। अब गेंद कांग्रेस के पाले में है कि वह वह कैसे भाजपा के इस महादांव की काट खोजती है? भापा नेतृत्व ने दिग्विजय सिंह और कमलनाथ की जोड़ी को जाने अनजाने कांग्रेस को प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के भरोसे लंगर लडने को उतरने को मजबूर कर दिया है। कुलमिलाकर मप्र का चुनाव छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के मुकाबले ज्यादा दिलचस्प मोड़ की तरफ जा रहा है।

**मेट्रो एंकर**

### 31 साल चला मुकदमा

# 269 सरकारी अफसरों को मिली सजा!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
मद्रास हाई कोर्ट ने 31 साल पुराने एक मामले में 269 सरकारी अधिकारियों को सजा सुनाई है। यह मामला चंदन के तस्करों की तलाश के बहाने बस्ती पर छापों का है और छापेमारी के दौरान बस्ती में रहने वालों के साथ क्रूरता की गई थी। 18 महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ था। हाईकोर्ट ने धर्मपुरी जिले के वाचथी आदिवासी गांव की घटना पर खेद भी व्यक्त किया। अभियुक्तों में से सत्रह को 18 महिलाओं के बलात्कार का दोषी ठहराया गया, जिनमें से एक उस समय आठ महीने की गर्भवती थी और दूसरी 13 साल की नाबालिग थी। मुकदमे के दौरान 50 से अधिक अभियुक्तों की मृत्यु हो गई है, जबकि शेष को 2011 में सत्र अदालत ने एक से 10 साल के कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने सभी दोषसिद्धि को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति वेलमुरुगन ने तमिलनाडु को तत्कालीन जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और जिला वन अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जो अपराध के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि गवाहों के साक्ष्य से यह स्पष्ट था कि हालांकि तीनों जानते थे कि असली अपराधी कौन थे। राज्य को 18 महिलाओं या उनके परिवार के सदस्यों को उपयुक्त स्व-रोजगार या स्थायी नौकरी प्रदान करने का भी निर्देश दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा, 'राज्य इस घटना के बाद वाचथी गांव में आजीविका और जीवन स्तर में सुधार के लिए किए गए उपायों पर अदालत को रिपोर्ट करेगा।'

### बड़े नाटक का मंचन



हाई कोर्ट ने कहा, 'वास्तविक तस्करों और बड़े शॉट्स को बचाने के लिए, अधिकारियों ने एक बड़े नाटक का मंचन किया। छापेमारी के नाम पर निर्दोष आदिवासी महिलाओं के साथ अत्याचार किया गया। उनके सामने आने वाली पीड़ा रुपयों और नौकरियों की कठिनाइयों को देखते हुए उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिए।' न्यायमूर्ति पी वेलमुरुगन ने तमिलनाडु सरकार को 18 महिलाओं में से प्रत्येक को तुरंत 10 लाख रुपये का मुआवजा जारी करने का आदेश दिया। इस मामले में 2016 में एक डिवीजन बेंच ने भी यही आदेश दिया था। मुआवजे की 50 प्रतिशत राशि रेप के दोषियों से वसूलने का आदेश दिया गया है।

## एशियाई खेलो में भारत का भौकाल कायम



**नई दिल्ली एजेंसी।** 19वें एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता है। भारत के सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस अब फाइनल में पहुंच गए हैं। इससे भारत के खाते में एक और रजत पदक आ गया है तथा स्वर्ण की उम्मीद है। सरबजीत ने 291 स्कोर किया, वहीं दूसरी ओर दिव्या का स्कोर 286 रहा। सरबजोत और दिव्या क्वालीफिकेशन में चीन से एक अंक आगे रहे। एशियन गेम्स में आज वेटलिफ्टर मीराबाई चानू, मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन, रोहन बोपन्ना और ऋतुजा भोसले की मिश्रित युगल जोड़ी से भी पदक की उम्मीद है।

पेज 7 देखें

# पटवारी लौटे तो सहकारी समिति के कर्मचारियों ने बंद कर दिया काम

## स्थाई किए जाने, वेतन बढ़ाने जैसी मांगों को लेकर शुरू की हड़ताल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में एक महीने बाद जैसे–तैसे पटवारी काम पर लौटे तो सहकारी साख और विपणन समितियों में काम करने वाले हजारों कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है। इनकी मुख्य काम नियमितीकरण की है। इस पर सरकार पहले से राजी नहीं है, क्योंकि ये समितियां भले ही सहकारिता विभाग में पंजीकृत हो लेकिन ये कमीशन पर काम करती है। यह कमीशन सरकार द्वारा इन्हीं की कमाई के बदले दिया जाता है।

सहकारी साख एवं विपणन समितियों का जाल बहुत ही कठिन है और ग्रामीण स्तरों पर यही समितियां किसानों से जुड़े काम कर रही है। इन समितियों के संरचना में बदलाव की मांग भी उठती रही है। इसके पहले कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। जिसकी वजह से किसानों की मुश्किलें कम होने की बजाए ओर बढ़नी तय है।

संयुक्त सहकारी समिति (पैक्स) के प्रतिनिधियों का दावा है कि प्रदेश भर में 55 हजार कर्मचारी हड़ताल पर है। सहकारी संस्था कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सजेंद्र सिंह खिंची ने बताया कि काम बंद करने के पहले शुक्रवार को प्रत्येक जिला कलेक्टरों को आवेदन सौंपे हैं।



### ये कामकाज होंगे प्रभावित

प्रदेश में 4500 सहकारी संस्थाएं, 22 हजार उचित मूल्य दुकाने हैं। इनमें काम प्रभावित होना शुरू हो गया है। हड़ताल शुरू होने से किसानों एवं आम जनता को खाद, बीज, राशन, पंजीयन, उपार्जन, कर्जा वसूली एवं अन्य शासन के महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## एक दर्जन ट्रेनें और रहेंगी निरस्त, यात्री अभी करा लें दूसरी ट्रेनों में बुकिंग

# दोनों दिशाओं की हमसफर एक्सप्रेस 11 व 12 अक्टूबर को नहीं चलेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से संतरागाछी रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस 11 व 12 अक्टूबर को नहीं चलेगी। रेलवे ने ट्रेन 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस को 11 अक्टूबर व ट्रेन 22170 संतरागाछी- रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस को 12 अक्टूबर को निरस्त किया है। इसके अलावा दूसरी ट्रेनों को निरस्त किया जाएगा,जबकि कुछ ट्रेनें तो पूर्व से निरस्त हैं। ट्रैक के रख–रखाव कार्यों के चलते इन ट्रेनों को निरस्त किया गया है। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे दूसरी ट्रेनों में टिकट करवा लें, ताकि यात्रा करने में परेशानी न हो। इधर रेलवे ने निरस्त ट्रेनों में टिकट बुक कराने वाले यात्रियों की राशि लौटाना शुरू कर दी है लेकिन रेल काउंटर से टिकट खरीदने वाले यात्रियों को काउंटर से ही राशि वापस मिलेगी।




### ये ट्रेनें भी रहेंगी निरस्त

- **ट्रेन** 19343 इंदौर-सिवनी पेंचवैली एक्सप्रेस 30 सितंबर, ट्रेन 19344 छिंदवा?ा-इंदौर पेचवैली एक्सप्रेस 30 सितंबर व एक अक्टूबर को निरस्त रहेगी।
- **ट्रेन** 22830 शालीमार-भुज सुपरफास्ट एक्सप्रेस सात व 14 अक्टूबर को व ट्रेन 22829 भुज-शालीमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस 10 व 17 अक्टूबर को शुरूआती स्टेशन से नहीं चलेगी।
- **ट्रेन** 22125 नागपुर-अमृतसर साप्ताहिक एसी एक्सप्रेस 30 सितंबर को व ट्रेन 22126 अमृतसर-नागपुर साप्ताहिक एसी एक्सप्रेस दो अक्टूबर को निरस्त रहेगी।
- **ट्रेन** 01317/01318 आमला जंक्शन-इटारसी-आमला जंक्शन मेमू विशेष ट्रेन 30 सितंबर तक दोनों दिशाओं में निरस्त है।

### भोपाल व आरकेएमपी से होकर गुजरेगी स्पेशल ट्रेन

भोपाल व रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के होकर वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन से पुणे के बीच स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी, जो बीना, विदिशा, नर्मदापुरम, इटारसी स्टेशन पर ठहराव लेकर चलेगी।

ट्रेन 01922 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-पुणे एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 4 अक्टूबर से 27 दिसंबर तक प्रति बुधवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन से रात 12.50 बजे चलकर शाम 5.30 बजे भोपाल और अगले दिन सुबह 11.35 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन 01921 पुणे-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एक्सप्रेस विशेष ट्रेन 5 अक्टूबर से 28 दिसंबर तक प्रति गुरुवार को पुणे स्टेशन से दोपहर 3.15 बजे चलकर अगले दिन तड़के 4.50 बजे भोपाल और सुबह 9.35 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पहुंचेगी।

### इंडिगो की रात की मुंबई उड़ान दो घंटे देरी से पहुंची

**भोपाल।** ट्रेनों की तरह कभी–कभी उड़ानें भी देरी से पहुंच रही है। जिसकी वजह से आम यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। गुरुवार की रात को एयरपोर्ट पर ऐसा ही हुआ। इंडिगो की मुंबई से भोपाल आकर वापस मुंबई जाने वाली रात की उड़ान 2 घंटे देर से पहुंची। इसकी वजह से यात्रियों को परेशान होना पड़ा। आमतौर पर मुंबई उड़ान रात्रि 9.30 बजे भोपाल आती है। गुरुवार को उड़ान रात्रि करीब 11.30 बजे भोपाल पहुंची। पिछले कुछ दिनों से यह औसत एक घंटे स की देरी से यहां पहुंच रही है। इंडिगो की दिल्ली नाइट फ्लाइट भी पिछले पांच दिनों से 40 से लेकर 55 मिनट तक की औसत देरी से आ रही है। यह उड़ान सामान्यतौर पर रात्रि 9.05 बजे भोपाल आती है।

# पति की मौत के बाद पत्नी को बीमा कंपनी चुकाएंगी 21 लाख रुपये

## जिला उपभोक्ता आयोग की बेंच क्रमांक - 2 ने सुनाया निर्णय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पति की मौत होने पर पत्नी और मृतक के परिवार ने बीमा कंपनी से बीमे की राशि मांगी। कहा कि पति की मौत के बाद से परिवार परेशान है, दिक्कतें हो रही है। पति ने बीमा कराया था अब उसकी बीमा राशि ही दे दीजिए ताकि परिवार की मदद हो जाए। कंपनी ने परेशान पत्नी का यह तर्क अस्वीकार कर दिया। बीमा नहीं दिया और परेशानी करती रही। अंततः पत्नी ने जिला उपभोक्ता आयोग की शरण ली। जिसमें सुनवाई चली। दोनों पक्षों को सुना गया। इसके बाद आयोग इस नतीजे पर पहुंचा कि बीमा कंपनी को 21 लाख रुपये की राशि पत्नी को देनी होगी। यही नहीं, उसे बीमा राशि नहीं देने को लेकर परेशान करने के बदले 25 हजार रुपये हर्जाना भी चुकाना होगा।



**बीमा कंपनी का था यह तर्क:** बीमा कंपनी की ओर से तर्क दिया गया कि जो बीमित व्यक्ति शिक्षक भूषणचंद्र जैन की मौत हुई वह तो पहले से उच्च रक्तचाप की बीमारी से पीड़ित था। उसकी मौत् लिवर खराब होने के कारण हुई थी। इस तरह उसे पुरानी बीमारी थी। उन्होंने बीमारी छुपाकर बीमा ले लिया। शिक्षक ने 2018 में मकान के लिए पंजाब नेशनल बैंक से लोन लिया था। उन्होंने लोन लेने के पहले जीवन बीमा कराया था। यह बीमा पीएनबी मेटलाइफ इंडियन इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया गया। इसके लिए उनसे एक लाख 34 हजार रुपये प्रीमियम के तौर पर लिए गए। शिक्षक की मौत के बाद उनके परिवार की ओर से बीमा की राशि के लिए आवेदन किया था। कंपनी को यह बीमा की राशि 2 माह के अंदर देनी होगी।

# विधान सभा में वायुसेना का मान बढ़ाएगा तेजस का मॉडल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय वायुसेना एओसी-इन-सी अनुरक्षण कमान ने गुरुवार को विधानसभा भवन में मध्यप्रदेश सरकार को स्वदेशी एलसीए तेजस का 1.3 स्केल माडल उपहार में दिया है। यह कार्यवाही एयर मार्शल विभास पांडे ने पूरी की। यह मॉडल विधानसभा परिसर में स्थापित कर दिया है। इस मौके पर अध्यक्ष, विधान सभा गिरीश गौतम ने मप्र सरकार की ओर से माडल को स्वीकार किया। तेजस का यह माडल विधानसभा परिसर में भारतीय वायु सेना का मान बढ़ाएगा। साथ ही देश के युवाओं को सेना में अपनी सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## प्रेरणा किरण स्कूल में 9 कक्षों की सौगात

# माँ से प्रेम करो, भगवान को अपना हिस्सेदार बनाओ



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल गांधीनगर में नौ नए कमरों का उद्घाटन हांगकांग के समाजसेवी दादा रमेश छगरानी ने किया। छगरानी ने अपने माता-पिता किशनीदेवी टोपणदास छगरानी विंग के ऊपर द्वितीय तल पर इन कमरों का निर्माण कराया है। उद्घाटन के मौके पर रीटा एवं दादा कान लखानी, पी.के. रामानी, पुरूषोत्तम बुधरानी मुम्बई का अभिनंदन भी किया गया। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के संचालक हीरो ज्ञानचंदानी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शाला के सचिव रमेश हिंगोरानी, योगेश हिंगोरानी एवं नीलेश हिंगोरानी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट अतिथियों का स्वागत किया। रमेश हिंगोरानी ने विद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। दयारामानी ने बताया कि अभी जिन 9 कक्षों का उद्घाटन हुआ है वह पूरी इमारत दादा छगरानी जी ने अपने माता-पिता की स्मृति में बनाई गई है। इन कक्षों में 360 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था है।

## साधु वासवानी स्कूल छात्र परिषद ने शपथ ली

# 'पद की गरिमा बनाए रखेंगे छात्र संघ पदाधिकारी'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। विधायक रामेश्वर शर्मा ने परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि परिषद पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और अपने पद की गरिमा को बनाएं रखेंगें ऐसा मेरा विश्वास है।

विधायक शर्मा ने कहा कि शपथ जिम्मेदारियों के निर्वहन करने का संकल्प है। परिषद के हर पदाधिकारी को अपने विद्यालय की गरिमा को बरकरार रखने के लिए आपका व्यवहार, वाणी व आपकी पढ़ाई में रुचि आपका दायित्व है और यही दायित्व आपको अपने सहपाठियों में भी जागरुक करना है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश हिंगोरानी करते राजेश हिंगोरानी एवं विशेष अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, सुधार सभा के सचिव वासदेव मोतियानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, जनक थद्धानी, कमल वीधानी ने भी अपने विचार रखे। गेहानी ने विधायक रामेश्वर शर्मा का शाल-श्रीफल से सम्मान किया।

विद्यालय की ग्रुप सिंगिंग कॉम्पीटिशन, गणेश मेंकिंग कॉम्पीटिशन आदि गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को आए हुए अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम चंद्रयान-3 के सफल परीक्षण के लिए प्रस्तुत किया गया।

# युवा हिंदू मंच ने किया झांकियों को पुरस्कृत

## विधायक शर्मा के साथ बसंल ने दिए पुरस्कार



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अनंत चतुर्दशी पर संतनगर में निकलने गणेश प्रतिमा विसर्जन चल समारोह में युवा हिंदू मंच ने झांकियों को पुरस्कृत किया। चंचल चौराहा पर मंच से झांकियों एवं समितियों को पुरस्कृत किया गया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने झांकियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि सनातन की जय जयकार करने एवं हम सब हिंदू है एक जुट होकर विधर्मियों को इस भारत से खदेड़ने का काम करना है। मंच के संयोजक राम बंसल ने रामेश्वर शर्मा का भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पार्षद राजेश हिंगोरानी, जिला महामंत्री जगदीश, राहुल राजपूत, प्रवीण प्रेमचंदानी, मंडल अध्यक्ष कमल विधानी,चंद प्रकाश इसरानी, माखन राजपूत व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट ने कथा में बांटी प्रसादी

**हिरदाराम नगर।** बागेश्वर धाम की दो दिवसीय कथा पीपुल्स माल ग्राउंड पर आयोजन में बगेश्वरधाम के संत श्री धीरेंद्र शास्त्री के लाखों हनुमंत भक्तों को सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट संतनगर ने प्रसादी का वितरण किया। ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने मीठे चावल, पुलाव एवं जल सेवा सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक की। इससे पहले भी पंडित प्रदीप मिश्र जी की शिवपुराण कथा में भी सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी थीं। सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील वासवानी के अलावा ट्रस्टी गण रामचंद सभनानी, नारायणदास सभनानी, राजेश हिंगोरानी, बसंत चेलानी, विष्णु बंसल, अर्जुनदास गुरबानी, रमेश तोलानी, नरेंद्र लालवानी, महेंद्र मालवीय, हरिओम चौहान, शीला शमनानी, किरण त्रिकोटया, विदया किशनानी, खिमया पंजवानी, माया पंजवानी एवं अन्य सेवाधारियों ने सेवा की।



**मेट्रो एंकर**

## पीडियाट्रिक यूरोलॉजिस्ट डॉ. धृति ने बालकों के ऑपरेशन किए

# यूरोलॉजी शिविर में 71 मरीजों के ऑपरेशन हुए

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में चल रहे 98 वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर में दो दिनों मे 71 मरीजों के ऑपरेशन किए गए हैं। ये ऑपरेशन राजकोट के डॉ. जीतेन्द्र अमलानी, डॉ. अमीश मेहता, डॉ प्रवीण बलदानिया, दिल्ली के डॉ नीरज शर्मा के अलावा पीडियाट्रिक यूरोलॉजिस्ट डॉ. धृति कलसारिया राजकोट ने किए हैं। डॉ. धृति ने बालकों के अंडकोष की विकृतियों के ऑपरेशन किये ।

छह वर्षीय बालक शिवांश सेन के मूत्र उत्सर्जन अंग की शुरूआती चमड़ी चिपकी हुई होने के कारण इस बालक को एक समय में बहुत थोड़ी मात्रा में पेशाब आती थी और जब आती थी तब लगातार आधे घंटे तक होती रहती थी। डॉ. धृति ने इस बालक का ऑपरेशन कर दिया है। पिता जितेन्द्र सेन







सिवनी मालवा के पास ग्राम वासनिया कला में केश शिल्पी हैं। वे गांव में लगभग 10 हजार महीना कमा लेते हैं। पत्नी मोनिका और जीतेन्द्र की मां को लाड़ली बहना योजना से भी 1250-1250 रूपये मिलते हैं। परिवार के सभी सदस्यों के पास आयुष्मान कार्ड भी है। फिर भी उन्होंने यूरोलॉजी शिविर में बच्चे का ऑपरेशन करवाया। जितेन्द्र का मानना है कि सेवासदन के यूरोलॉजी शिविर में आने वाले डॉक्टर बहुत अनुभवी होते हैं। सेवादारों की सेवा और देखभाल अद्वितीय है।

कालापीपल निवासी राहुल माहेश्वरी दर्जी हैं, उन्होंने अपने 11 वर्षीय पुत्र यमन का आपरेशन शिविर में करवाया है। यमन के अण्डकोष की एक गोली ऊपर की ओर थी। बालक यमन के अण्डकोष की गोली ऊपर की ओर होने से उसे दिन मे दो तीन बार तेज दर्द होता था। डॉ. धृति ने शल्य प्रक्रिया से गोली नीचे लाकर ऑपरेशन कर दिया है। पिता ने बताया कि उन्होंने पहले अपने पुत्र को एक बड़े निजी अस्पताल में ऑपरेशन के लिये भर्ती कराया था, लेकिन उसे जब यूरोलॉजी शिविर की जानकारी मिली तो वे ऑपरेशन कराने शिविर में आए।

शाजापुर निवासी दिनेश सराठे (परिवर्तित नाम) का 10 वर्षीय पुत्र रोहित के एक अण्ड का आकार अपेक्षाकृत छोटा था। चिकित्सकीय परीक्षण में अण्ड को निकाल देना ही रोगी के लिये हितकर था, नहीं तो वह टयूमर बन जाता। वैसे बालक को सामान्य रूप से कोई तकलीफ नहीं थी। पिता सराठे का मानना है कि इस उपनगर की माटी, मरीज के माथे पर लगाने भर से ही रोगी की सेहत में सुधार होने लगता है।

# विकास किया है - विकास करेंगे



## ₹7500 करोड़ लागत की इंदौर मेट्रो का ट्रायल रन फ्लैग ऑफ

गांधी नगर, इंदौर । सायं 4:00 बजे

## बायोटेक्नोलॉजी पार्क का भूमिपूजन

जावद, जिला नीमच । दोपहर 2:20 बजे

## भादवा माता लोक का भूमिपूजन

नीमच । दोपहर 12:30 बजे

मुख्यमंत्री

## शिवराज सिंह चौहान

द्वारा

30 सितम्बर, 2023

### मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा 29 सितम्बर, 2023 को ₹ 7042 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

**₹ 3517 करोड़ लागत की मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना का शिलान्यास**
हरदा, नर्मदापुरम, खण्डवा जिले के 73 हजार किसानों को सिंचाई सुविधा

**₹ 1385 करोड़ लागत की झिरन्या माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास**
खण्डवा एवं खरगोन जिले के 40 हजार हेक्टेयर में सिंचाई

**₹ 905 करोड़ लागत की अलीराजपुर उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण**
86 हजार किसानों के 35 हजार हेक्टेयर खेतों को मिलेगी सिंचाई

**₹ 720 करोड़ लागत की ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास**
हरदा जिले के 118 गांवों में होगी सिंचाई

**₹ 515 करोड़ लागत की विस्टान उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण**
खरगोन जिले के 22 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

D-11126/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

**सुविचार**

''हालात वो न रखें जो हौसले को बदल दे
बल्कि हौसला वो रखें जो हालातों को बदल दे ।।''

– अज्ञात

l ikndh;

# डगर नाजुक लेकिन सख्ती ही इलाज

खालिस्तान का मुद्दा काफी समय बाद मुखरता से सामने आ रहा है। हालांकि इसकी सुगबुगाहटें व कार्रवाईयां चलती रही हैं लेकिन कुछ वक्त पहले पंजाब चुनाव के दौरान और फिर एक संगठन चलाने वाले अमृतपाल सिंह की नाटकीय गिरफ्तारी के दौरान यह उछला था। अब कनाडा से भारत के बेहद खराब हो चुके संबंधों के चलते यह फिर सुर्ख है। आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में जिस तरह से पिछले दिनों भारत की पांच दिन की मेजबानी के बाद लौटे कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने बगैर किसी ठोस सबूत के भारत पर आरोप लगा दिया और उसके बाद अमेरिका ने जांच में सहयोग का राग अलाप कर भारत को परोक्ष नसीहत देने की कोशिश की, वह अंतरराष्ट्रीय हलकों में किसी से छुपा नहीं है। इसके चलते विदेशमंत्री एस जयशंकर का संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर भाषण बहुत महत्वपूर्ण हो गया था और यहां से दुनियाभर को संदेश भी जाने वाला था, हुआ भी वैसा ही। भारत ने बेहद सख्ती व मजबूती के साथ अपने विचार व मंशा साफ कर दी। अपने भाषण में बड़ी बारीकी से उन सभी सवालों पर जयशंकर ने संबोधित किया, जो इस सिलसिले में उठ रहे थे। उन्होंने मंच की सीमाओं का खयाल रखते हुए न केवल भारत का पक्ष स्पष्ट किया बल्कि अन्य देशों को भी उनकी सीमाओं का अहसास कराया। विदेश मंत्री ने साफ कहा कि अब वह दौर नहीं रहा जब कुछ देश मिलकर दुनिया का अजेंडा सेट करें। जयशंकर ने भले ही कनाडा या किसी अन्य देश का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी बातों से साफ था कि वह किस ओर इशारा कर रहे हैं। फिर भी अगर किसी के मन में कोई संदेह रह गया हो तो न्यूयॉर्क में काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में हुई चर्चा के दौरान वह भी साफ हो गया। वहां उन्होंने साफ-साफ कहा कि कनाडा अगर कोई ठोस और सटीक सबूत देता है, तो भारत निश्चित रूप से उस पर विचार करेगा, लेकिन वहां पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियां बढ़ी हैं, संगठित अपराध बढ़ा है, उससे जुड़ी भारत की चिंताओं का क्या? वहां भारतीय राजनयिकों को धमकियां दी जाती हैं, भारतीय कॉन्स्युलेट पर हमला होता है और उनके लिए जिम्मेदार तत्वों के बारे में पूरी सूचना मुहैया कराए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। इन सभी के बाच भारत के अमेरिका से हाल में मजबूत हुए संबंधों की भी बात आती है तो यह तय है कि उसके साथ भारत के द्विपक्षीय रिश्तों में जो करीबी आई है और जिस तरह से दोनों देशों में सामरिक भागीदारी बढ़ी है, उसका ध्यान रखना दोनों पक्षों के लिए जरूरी होगा। संभवतः इसी वजह से विदेश मंत्री जयशंकर इस पर अभी सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कह रहे। लेकिन जहां तक जवाबदेही का मामला है तो यह नियम सबके लिए होना चाहिए और भारत के बारे में तो अभी सिर्फ आरोप है, वह भी ऐसा जिसका कोई ठोस आधार भी सामने नहीं आया है, जिस देश की सरकार ने आरोप लगाया है, वहां जांच तक पूरी नहीं हुई है, पर जिन देशों पर अन्य राष्ट्रों की संप्रभुता और सीमाओं का उल्लंघन करते हुए कार्रवाई करने के मामले ज्यादा ठोस रूप में सामने आ चुके हैं उन पर चुप्पी क्यों? यही बात अजीब लगती है कि जिम्मेदारी तय करने का जोश सिर्फ भारत के मामले में दिखाने की कोशिश होती है। इसीलिये भारत का पक्ष सही है कि आतंकवाद के मामले में दोहरा रवैया ठीक नहीं है और भारत को तो अपनी तीन दशक पुरानी इस। समस्या के प्रति सखत ही रखना बेहतर है।

# बेरोजगारी घटने के बावजूद युवा स्नातकों के नहीं आए अच्छे दिन, आधी आबादी भी प्रभावित

**कोविड-19 महामारी के बाद बेरोजगारी में कमी आई है। लेकिन स्नातकों के मामले में यह अब भी 15 फीसदी से ऊपर और युवा स्नातकों के मामले में 42 फीसदी के उच्च स्तर पर है। ऐसे ही, जितने रोजगार का नुकसान हुआ है, उनमें से आधे महिलाओं से जुड़े हैं।**

**पत्रलेखा चटर्जी**

भारत, कनाडा, अमेरिका, जी-20, भारत के दोस्त और प्रतिद्वंद्वियों से संबंधित खबरों की बाढ़ के बीच हम जिस एक चीज को नजर अंदाज नहीं कर सकते, वह है आम भारतीय लोगों के रोजमर्रा का जीवन, जिन्हें अपने घर चलाने के लिए काम करना पड़ता है और जिनके पास ज्यादा पारिवारिक संपत्ति या सामाजिक मदद नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक का ताजा आंकड़ा बताता है कि भारतीय परिवार बचत कम करता है और उधार ज्यादा लेता है। इसके कई कारण हो सकते हैं, लेकिन एक प्रमुख कारण अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरियों की कमी है, जो चिंतित करने वाली बात है। अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरियों का मतलब वस्तुत-ऐसी नौकरियों से है, जो मानक जीवन जीने के लिए पर्याप्त वेतन की पेशकश करते हों। इस मोर्चे पर हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है।

अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की हालिया रिपोर्ट इस बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है कि रोजगार के मोर्चे पर हम अभी कहां हैं। स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया, 2023 रिपोर्ट हमारे लिए कुछ अच्छी खबरें भी लेकर आई है कि जातिगत अलगाव कम हुआ है। 1980 के दशक की शुरुआत में अनुसूचित जाति के श्रमिकों का प्रतिनिधित्व कचरा निष्पादन से संबंधित कार्यों में पांच गुना से ज्यादा और चमड़े से संबंधित कार्यों में चार गुना से ज्यादा था। समय के साथ इसमें तेजी से कमी आई है, हालांकि वर्ष 2021-22 तक यह खत्म नहीं हुआ।

1980 के दशक की स्थिरता के बाद से नियमित वेतन वाले श्रमिकों या वेतनभोगी कर्मचारियों की हिस्सेदारी 2004 में बढ़ने लगी और यह बढ़कर पुरुषों में 18 फीसदी से 25 फीसदी तथा महिलाओं में 10 फीसदी से बढ़कर 25 फीसदी हो गई। वर्ष 2017 से 2019 के बीच यह बढ़कर 50 लाख प्रति वर्ष हो गई। लेकिन नियमित वेतन वाली नौकरियों के सृजन की गति अर्थव्यवस्था में सुस्ती और महामारी के कारण वर्ष 2019 से घटने लगी। बेरोजगारी बेशक कम हुई है, लेकिन यह अब भी उच्च स्तर पर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि %रोजगार सृजन भारत की मुख्य चुनौती बना हुआ है।

कोविड-19 महामारी के बाद सभी शैक्षणिक स्तरों पर बेरोजगारी में कमी आई है। लेकिन स्नातकों के मामले में यह अब भी 15 फीसदी से ऊपर और युवा स्नातकों के मामले में 42 फीसदी के उच्च स्तर पर है। रिपोर्ट बताती है कि बुजुर्ग श्रमिकों और कम शिक्षित श्रमिकों में यह दो से तीन प्रतिशत के दायरे में है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि गिरावट या स्थिरता के बाद वर्ष 2004 से महिला रोजगार की दर वास्तव में बढ़ी है। इसका मुख्य कारण स्व-रोजगार में वृद्धि है, जिसमें 2019 के महामारी के बाद और बढ़ोतरी हुई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कम वेतन वाले व्यवसायों में महिलाओं और अनुसूचित जातियों का प्रतिनिधित्व अधिक है।

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट हमें बताती है कि वर्ष



2017 से 2021 के बीच समग्र नियमित वेतन वाले रोजगार सृजन में मंदी की स्थिति थी, लेकिन सभी नियमित वेतन वाले कार्यों की हिस्सेदारी के रूप में औपचारिक नौकरियां (लिखित अनुबंध और लाभ के साथ) 25 फीसदी से बढ़कर 35 फीसदी हो गईं। वर्ष 2020-21 (महामारी वर्ष) में नियमित वेतन वाले रोजगार में 22 लाख की गिरावट आई। लेकिन यह परिवर्तन औपचारिक रोजगार में 30 लाख की वृद्धि, जबकि अर्ध व अनौपचारिक नियमित वेतन वाले रोजगार में लगभग 52 लाख के नुकसान को छिपाता है।

रिपोर्ट बताती है कि जितने रोजगार का नुकसान हुआ है, उसमें से आधा महिलाओं से संबंधित है, जबकि औपचारिक रोजगार में वृद्धि का केवल एक तिहाई हिस्सा ही महिलाओं को मिला है। इसलिए स्पष्ट शब्दों में कहें, तो इस अवधि में महिलाओं को औपचारिक रोजगार से हाथ धोना पड़ा है। इतना ही नहीं, संकट के कारण स्व-रोजगार की तरफ उनका रुझान बढ़ा है। सवाल उठता है कि ऐसे समय में रोजगार की दरें क्यों बढ़ीं, जब विकास की गति सुस्त थी। रिपोर्ट में दलील दी गई है कि यह स्वरोजगार बढ़ने के कारण हुआ, जिसकी तरफ संकट के दौरान लोगों का रुझान बढ़ा।

इस रिपोर्ट में कामकाजी महिलाओं के संबंध में कुछ दिलचस्प बातें हैं। इसमें कहा गया है कि एक जिले में महिला स्नातकों का अनुपात घर से बाहर कार्यरत महिलाओं के अनुपात से सकारात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। इसमें तर्क दिया गया है कि इसके दो सहज कारण हो सकते हैं। पहला यह कि जिन जिलों में महिला स्नातकों की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत ज्यादा है, वहां महिलाओं की श्रम आपूर्ति अधिक होने की संभावना है। दूसरा, ऐसी संभावना है कि जिन जिलों में महिला स्नातकों की हिस्सेदारी ज्यादा है, वे आर्थिक रूप से ज्यादा विकसित हैं और इस प्रकार महिलाओं के लिए रोजगार के ज्यादा अवसर प्रदान करती हैं। लेकिन देश के कुछ हिस्सों में कामकाजी महिलाओं के खिलाफ नकारात्मक प्रतिक्रिया वास्तव में चिंता की बात है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन जिलों में महिलाओं को कम प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है, वहां महिलाओं के वेतन वाला काम करने की संभावना होती है, लेकिन इसके प्रतिकूल प्रभाव के भी सबूत मिलते हैं। %वेतन वाला काम करने वाली महिलाएं ज्यादातर उन जिलों में रहती हैं, जहां घरेलू हिंसा ज्यादा प्रचलित है। ऐसा नकारात्मक प्रतिक्रिया के प्रभाव के कारण हो सकता है। बताया गया है कि स्थापित लैंगिक मानदंडों को चुनौती देने के कारण कामकाजी महिलाओं को अपने साथी द्वारा हिंसा का सामना करने की आशंका ज्यादा रहती है।

यह भारत के रोजगार परिदृश्य के लिए दुखद है, और हमें देश की क्षमताओं और उपलब्धियों को स्वीकार करते हुए भी शांति और निष्पक्षता के साथ इस तथ्य का सामना करना चाहिए। भारत एक युवा राष्ट्र है, जहां की औसत आयु 28 वर्ष है। भारत के युवा पुरुषों एवं महिलाओं को वेतन वाले रोजगार की आवश्यकता है। उम्मीद करनी चाहिए कि मध्य प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनावों में रोजगार चुनावी एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। राजनीतिक दलों को इस पर बात करनी चाहिए कि वे इस मामले में क्या करने को तैयार हैं। और नागरिकों को अपने युवा देशवासियों-हमारे बेटे-बेटियों, जिनका भविष्य देश का भविष्य है, के लिए रोजगार की वास्तविक समय-सीमा निर्धारित करने के लिए सरकार पर जोर डालना चाहिए।

**साभार:** ये लेखक के अपने विचार हैं।

## निशाना

**घिर गए इस बार !**



पड़ गए अकेले ।
घिर गए इस बार ।।
असरदार ना रहा ।
किए जो प्रहार ।।
फायदे के चक्कर में ।
कर गए नुकसान ।।
खुली आखिर पोल ।
बनने चले महान ।।
खेला था जो खेल ।
पड़ा उल्टा दाव ।।
आया शायद समझ में ।
फर्ज़ी है झुकाव ।।
झेलना पर होगा ।
आएगा ठहराव ।।
दे सकता है सदमा ।
ज्यादा ये जुड़ाव ।।

## आज का इतिहास

- **1687** – औरंगजेब ने हैदराबाद के गोलकुंडा के किले पर क़ब्ज़ा किया।
- **1947** – पाक और यमन संयुक्त राष्ट्रसंघ में शामिल हुए।
- **1984** – उत्तरी एवं दक्षिणी कोरिया के बीच 1945 के बाद पहली बार सीमाएँ खोली गईं।
- **1993** – भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में भूकम्प के कारण 10,000 हज़ार से अधिक लोग मारे गए एवं लाखों बेघर हो गए।
- **2001** – इस्रायल की आतंरिक मंत्रिपरिषद ने फ़िलिस्तीन के साथ हुए समझौते को मंजूरी दी।
- **2001** – कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधव राव सिंधिया का निधन।
- **2002** – पाकिस्तान में कट्टरपंथी मुसलमानों ने एक मंदिर को तोड़ा, चीन ने भारत के साथ स्वेच्छा वार्ता को और सार्थक बनाने की इच्छा व्यक्त की।
- **2003** – विश्वनाथन आनंद ने विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीती।
- **2004** – चीनी दार्शनिक कन्फ़्यूशियस की 2555वीं जयंती मनाई गयी।
- **2005** – समाचार एजेंसी रायटर ने इराक में अमेरिकी सेना द्वारा पत्रकारों का दमन करने का आरोप लगाया।
- **2007** – परवेज मुशर्रफ़ को दुबारा वर्दी में राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए विपक्ष के 236 सांसदों-विधायकों ने त्यागपत्र दिया। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत इब्राहिम गांबरी ने विपक्षी नेता आंग सान सूकी और म्यांमार की सैनिक सरकार से मुलाकात की। पॉप स्टार शकीरा ने पेरू और निकारागुआ में भूकम्प से हुए तबाही के लिए 159.1 करोड़ रुपये दान देने की घोषणा की।
- **2009** – प्रख्यात पार्श्व गायक मन्ना डे को वर्ष 2007 प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया।
- **2010** – इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने विवादित बाबरी मस्जिद मामले में जमीन को तीन हिस्सों में बांटकर रामलला, निर्मोही अखाड़े और वक्फ बोर्ड को एक-एक हिस्सा देने का फैसला सुनाया।

**विश्व शाकाहार दिवस- 1 अक्टूबर, 2023**

# शाकाहार-क्रांति से ही नयी विश्व-संरचना संभव

**ललित गर्ग**

बढ़ती बीमारियां के कारण जीवन की कम होती सांसों ने इंसान को शाकाहारी बनने के लिये विवश किया है, सत्य भी यही है कि शाकाहार एक उन्नत जीवनशैली है, निरापद खानपान है। न केवल बुद्धिजीवी बल्कि आम व्यक्ति भी अब शाकाहारी जीवन प्रणाली को अधिक आधुनिक, प्रगतिशील और वैज्ञानिक मानने लगे हैं एवं अपने आपको शाकाहारी कहने में प्रगतिशील व्यक्ति होने का गर्व महसूस करते हैं। शाकाहार को बल एवं प्रोत्साहन देने के लिये ही विश्व शाकाहार दिवस, प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह 1977 में उत्तरी अमेरिकी शाकाहारी समाज का स्थापना दिवस है और 1978 में अंतर्राष्ट्रीय शाकाहारी संघ द्वारा 'शाकाहार से खुशी, करुणा और जीवन-वृद्धि की संभावनाओं को बढ़ावा देने' के लिये इसका समर्थन किया था, यह शाकाहारी जीवन शैली के नैतिक, पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और मानवीय लाभों के बारे में जागरूकता लाता है। यह दिन जानवरों के जीवन को बचाने, प्रकृति-पर्यावरण को संरक्षित करने और मनुष्य को स्वस्थ करने में मदद करने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी मनाया जाता है। पशुधन उत्पादन में शामिल क्रूरता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी एक अवसर है।

इंसान के खुशहाल जीवन एवं निरोगता के लिये खानपान में बदलाव के स्वर दुनियाभर में सुनाई दे रहे हैं। मांसाहार को छोड़ने वालों की संख्या भारत ही नहीं दुनिया में बढ़ती जा रही हैं। ग्लोबल रिसर्च कंपनी इप्सोस के हाल ही में कराये गये एक सर्वेक्षण के अनुसार अब 63 प्रतिशत भारतीय अपने भोजन में मांसाहार के स्थान पर शाकाहार को अपना रहे हैं। एक अन्य समाचार के अनुसार अमरीका में डेढ़ करोड़ व्यक्ति शाकाहारी हैं। सुप्रसिद्ध गैलप मतगणना के अनुसार इंग्लैंड में प्रति सप्ताह तीन हजार व्यक्ति शाकाहारी बन रहे हैं। वहाँ अब पच्चीस लाख से अधिक व्यक्ति शाकाहारी हैं।

महात्मा गांधी कहते थे कि स्वाद पदार्थ में नहीं, अपितु मनुष्य की अपनी जिव्हा में होता है। नीम की चटनी से जीभ के स्वाद पर नियंत्रण कर लेने वाले गांधी के देश में आज मांसाहार का विरोध तो दूर, उल्टे कुछ क्षेत्रों में मांसाहार को बल दिया जाना, चिन्तनीय है, अहिंसा के उपासक देश के लिए लज्जास्पद भी। लेकिन यह शुभ संवाद है कि अब भारत में शाकाहार को बल देने की शुरूआत हुई है, जिसको जन-जन की जीवनशैली बनाना अहिंसा के पक्षधर प्रत्येक प्रबुद्ध नागरिक का नैतिक दायित्व है तथा मुख सुख के लिए निरीह प्राणियों





और अजन्मे अंकुरों की निर्मम हत्या के विरुद्ध जनमानस तैयार करना सबका प्रथम कर्तव्य है।

भारत में शाकाहार को बल देने के प्रयत्न होते रहे हैं, न केवल भारत बल्कि संसार के महान बुद्धिजीवी, उदाहरणार्थ अरस्तू, प्लेटो, लियोनार्दो दविंची, शेक्सपीयर, डारविन, पी. एच. हक्सले, इमर्सन, आइन्सटीन, जार्ज बर्नार्ड शा, एच.जी.वेल्स, सर जूलियन हक्सले, लियो टॉलस्टॉय, शैली, रूसो आदि सभी शाकाहारी ही थे। मनुष्य की संरचना की दृष्टि से भी हम देखेंगे कि शाकाहारी भोजन हमारा स्वाभाविक भोजन है। अमरीका के विश्व विख्यात पोषण विशेषज्ञ डॉ.माइकेल क्लेपर का कहना है कि अंडे का पीला भाग विश्व में कोलस्ट्रोल एवं जमी चिकनाई का सबसे बड़ा स्रोत है जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। इसके अलावा जानवरों के भी कुछ उदाहरण लेकर हम इस बात को साबित कर सकते हैं कि शाकाहारी भोजन स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। इस प्रकार शाकाहारी भोजन स्वास्थ्यप्रद एवं पोषण प्रदान करनेवाला है।

आज विश्व में सबसे बड़ी समस्या है, विश्व शांति की और बढ़ती हुई हिंसा को रोकने की। चारों ओर हिंसा एवं आतंकवाद के बादल उमड़ रहे हैं। उन्हें यदि रोका जा सकता हैं तो केवल मनुष्य के स्वभाव को अहिंसा और शाकाहार की ओर प्रवृत्त करने से ही। महाभारत से लेकर गौतम बुद्ध, ईसा मसीह, भगवान महावीर, गुरुनानक एवं महात्मा गांधी तक सभी संतों एवं मनीषियों ने अहिंसा पर विशेष जोर दिया है। भारतीय संविधान की धारा 51 ए (जी) के अंतर्गत भी हमारा यह कर्तव्य है कि हम सभी जीवों पर दया करें और इस बात को याद रखें कि हम किसी को जीवन प्रदान नहीं कर सकते तो उसका जीवन लेने का भी हमें कोई हक नहीं हैं।' पिछले कुछ सालों में जब से नए शोधों ने यह साबित कर दिया कि शाकाहार इंसान के लिए मांसाहार से अधिक सुरक्षित और निरापद है तब से पश्चिमी देशों में शाकाहारियों की एक बड़ी तादाद देखने में आ रही है। इतना ही नहीं लोगों को यह भी समझ में बखूबी आने लगा है कि मांसाहार महज बीमारियों की वजह नहीं है बल्कि अहिंसा, शांति, पर्यावरण, कृषि, नैतिकता और मानव-मूल्यों के विपरीत है। यह अर्थव्यवस्था के लिए भी नकारात्मक है।

पश्चिम में शाकाहारी होना आधुनिकता पर्याय बन गया है। आए दिन लोग खुद को शाकाहारी घोषित कर इस नए चलन के अगुवा बताने में गर्व अनुभव करते देखे जा सकते हैं। पश्चिमी दर्शनों की विचारधारा, जो कभी मांसाहार को सबसे मुफीद मानती थी वही दर्शनों की धारा अब शाकाहार की ओर रुख करने लगी है। यह कई नजरिए से शाकाहार के हक में एक अच्छा संकेत कहा जाना चाहिए। लेकिन भारत सहित दुनिया के तमाम विकासशील देशों की स्थिति इससे ठीक उलट है। विकासशील देशो में बूचड़खाने बढ़ रहे हैं और मांसाहार को बढ़ावा देने के लिए वहां की सरकारें भी लगी हुई हैं। यह जानते हुए कि मांसाहार कई समस्याओं का कारण है और इससे कृषि-संस्कृति को जबरदस्त नुकसान पहुंच रहा है। भारत में हर युग में शाकाहारी जीवनशैली एवं खानपान हुआ करता था। वे लोग ही मांस खाते थे जो समाज के सबसे निकृष्ट तबके के होते थे। यही कारण है, वेद, उपनिषद, गीता, महाभारत, कुरान, पुराण जैसे अनेक धर्म ग्रंथों में शाकाहार करने पर ही जोर दिया गया है। आयुर्वेद में मांसाहार को विपत्तियों का घर कहा गया है। कृषि-संस्कृति का ध्वजवाहक देश अहिंसा और प्रेम जैसे अनेक मूल्यों का हमेशा से संवाहक रहा है। यह बहुत कम लोग जानते हैं कि मांसाहार और देश-समाज की आर्थिक स्थिति में गहरा रिश्ता है। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में हर साल वैध-अवैध तरीके से 20 करोड़ पशुओं का वध किया जाता है। मांसाहार दूसरों को भूखा रखने का जिम्मेदार है, क्योंकि लाखों जानवर उन लोगों का अन्न खा जाते हैं जो लोग भूखे सोने के लिए मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें बूचड़खानों को बंद करके देश की जहां खादान्न समस्या का हल निकाल सकती हैं वहीं पर पानी, पर्यावरण, घटते पशुधन, दूध, घी और उर्वरक की समस्या का हल भी निकाल सकते हैं। रोजगार जो करोड़ों लोगों को मिलेगा वह अलग। शाकाहार को प्रोत्साहन देने का अर्थ उत्तम स्वास्थ्य के साथ-साथ उन्नत अर्थ-व्यवस्था एवं प्रगतिशील जीवनशैली है।

विश्वभर के डॉक्टरों ने यह साबित कर दिया है कि शाकाहारी भोजन उत्तम स्वास्थ्य के लिए सर्वश्रेष्ठ है। फल-फूल, सब्जी, विभिन्न प्रकार की दालें, बीज एवं दूध से बने पदार्थों आदि से मिलकर बना हुआ संतुलित आहार भोजन में कोई भी जहरीले तत्व नहीं पैदा करता। इसका प्रमुख कारण यह है कि जब कोई जानवर मारा जाता है तो वह मृत-पदार्थ बनता है। विशिष्ट खोजों के द्वारा यह भी पता चला है कि जब किसी जानवर को मारा जाता है तब वह इतना भयभीत हो जाता है कि भय से उत्पन्न जहरीले तत्व उसके सारे शरीर में फैल जाते हैं और वे जहरीले तत्व मांस के रूप में उन व्यक्तियों के शरीर में पहुँचते हैं, जो उन्हें खाते हैं। हमारा शरीर उन जहरीले तत्वों को पूर्णतया निकालने में सामर्थ्यवान नहीं हैं। नतीजा यह होता है कि उच्च रक्तचाप, दिल व गुरदे आदि की बीमारी मांसाहारियों को जल्दी आक्रांत करती है। इसलिए यह नितांत आवश्यक है कि स्वास्थ्य की दृष्टि से हम पूर्णतया शाकाहारी रहें। प्रकृति ने मनुष्य को स्वभाव से ही शाकाहारी बनाया है। कोई भी श्रमजीवी मांसाहार नहीं करता, चाहे वह घोड़ा हो या ऊँट, बैल हो या हाथी। फिर मनुष्य ही अपने स्वभाव के विपरीत मांसाहार कर संसार भर की बीमारियां और विकृतियां क्यों मोल लेता है?

**साभार:** ये लेखक के अपने विचार हैं।

### हंडिया का नाम होगा अब नाभिपट्टनम् : सीएम शिवराज

# नई सिंचाई योजना : हरदा का कोई भी गांव नहीं रहेगा असिंचित

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा है कि प्रदेश की माटी की पूजा और जनता की सेवा ही मेरे जीवन का मकसद है। आज हरदा जिले की धरती पर इतिहास रचा जा रहा है। एक सपना पूरा हुआ हैं। मोरण्ड गंजाल सिंचाई परियोजना और वीर शहीद इलाप सिंह उद्वहन सिंचाई परियोजना से अब हरदा जिले का कोई भी गांव असिंचित नहीं रहेगा। हरदा शत प्रतिशत सिंचित होगा। जनकल्याण कार्यों में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री हरदा जिले के नेहरू स्टेडियम में आयोजित कृषक सम्मेलन को सम्बोधित कर रहें थे। मुख्यमंत्री ने 4559 करो? से अधिक रूपये की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। जिसमें प्रमुख रुप से 3517 करोड़ रू. की मोरण्ड-गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना और 720 करोड़ लागत की शहीद इलापसिंह परियोजना का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा कि सिंचाई परियोजना से विस्थापित हुए ग्राम वासियों को न्यायोचित मुआवजा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि हंडिया का नाम अब नाभिपट्टनम् होगा और हंडिया को नगर परिषद बनाया जाएगा। बिजली की बेहतर व्यवस्था के लिए सर्वे कर सब स्टेशन स्थापित होगा। 5 करोड़ की लागत से हरदा के नए वार्डों का विकास भी किया जाएगा। खिरकिया का भी विकास होगा। इस अवसर पर किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल, वन मंत्री कुंवर विजय शाह, उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश दिनेश शर्मा, सांसद दुर्गादास उईके, विधायक संजय शाह, विधायक सिवनी मालवा प्रेम शंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, दर्शन सिंह चौधरी, अमर सिंह मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

चौहान ने कहा कि मोरण्ड गंजाल संयुक्त सिंचाई परियोजना के माध्यम से हरदा, नर्मदापुरम व खंडवा जिले के कुल 201 गांवों के 73920 किसानों के खेतों में सिंचाई का लाभ पहुँचेगा। 720 करोड़ की शहीद इलापसिंह परियोजना से हरदा के 118 गांव के किसानों के खेतों में सिंचाई होगी। उन्होंने कहा की प्रदेश की बेहतर सिंचाई सुविधा से लाभान्वित हो किसान अब वर्ष में तीन फसल ले रहे है। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी का चमत्कार भी किया है। किसानों के चेहरे पर अब खुशी झलक रही है। किसानों के हित में मध्यप्रदेश सरकार निरन्तर विकास के कार्य कर रही है। सड़क, पुल पुलिया, अस्पतल, सीएम राईज स्कूल, आईटीआई सहित सभी कार्य तेजी से किये जा रहे है। पहले किसानों को 16 प्रतिशत ब्याज पर कर्जा मिलता था, अब 0 प्रतिशत पर कर्ज मिल रहा है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 2 लाख 72 करोड़ रूपये किसानों के खाते में डाले गये है। किसानों के बढ़े हुए बिजली बिल स्थगित किये गये है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना के तहत हर पात्र गरीब को रहने के लिए जमीन दी जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना और आवास प्लस योजना में छुटे हुए व्यक्तियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत रहने के लिए आवास दिया जाएगा। प्रदेश की धरती पर कोई गरीब बिना जमीन और आवास के नहीं रहेगा।

मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में मौजूद लाड़ली बहनाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना बहनों की जिंदगी बदलने की योजना है। यह आधी आबादी के लिये पूरा न्याय है। इस योजना से लाड़ली बहनों की आंखों में खुशी है। इस योजना ने लाड़ली बहनाओं को सम्मान दिया है। लाड़ली बहनाओं को 1250 रूपये से बढ़ाकर 3000 रूपये तक किये जायेंगे। हर बहन की आमदनी कम से कम 10 हजार रूपये करना यह मेरा संकल्प है। लाड़ली बहनाओं को 450 रूपये में रसोई गैस दी जाएगी।



#### अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा लाभ : शर्मा

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिलाओं को सम्मान मिलने के साथ बेटियां जन्म के साथ लखपति हो रही हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रहा हैं। यहां विकास की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। जल, बिजली ,आवास जैसी आवश्यक सुविधाएं लोगों को मिल रही हैं। यहां मजबूत कानून व्यवस्था हैं।





## सिवनी मालवा पहुंची कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा ?

सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो

#### कांग्रेस ने बताया घोषणा वीर बन गए हैं मुख्यमंत्री

गुरुवार के दिन कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा सिवनी मालवा पहुंची। जहां पर कांग्रेस के पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी के निवास पर यात्रा का जमकर स्वागत किया गया वहीं से यात्रा रोड शो करते हुए सिवनी मालवा के पुराने बस स्टैंड पर एक आम सभा में परिवर्तित हो गई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने भाजपा की प्रदेश सरकार पर जमकर निशान साधा उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है बिगैर कमीशन के कोई काम नहीं किया जा रहा है और विकास के नाम पर चारों और भ्रष्टाचारी मची हुई है। अभी हाल ही में पूरे मध्य प्रदेश को शर्मसार कर देने वाली उज्जैन की नाबालिक बच्ची के साथ हुई दुखद घटना मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना की भी चर्चा की वहीं उन्होंने कहा कि सिवनी मालवा से मेरे पुराने तालुकात रहे हैं स्वर्गीय दादा हजारीलाल रघुवंशी का नाता शुरू से गांधी परिवार से रहा है।

वही पूर्व केंद्रीय मंत्री और जन आक्रोश यात्रा के प्रभारी प्रदीप जैन ने प्रदेश की सरकार मैं किस प्रकार से घोषणा पर घोषणा की जा रही है लेकिन धरातल पर लागू नहीं हो पा रही है प्रदेश के मुख्यमंत्री घोषणा वीर मुख्यमंत्री बन चुके हैं जिन्हें अब बदलने की आवश्यकता है सभा को पूर्व सांसद रामेश्वर निखरा विधायक संजय शर्मा पूर्व सिवनी मालवा कांग्रेस के विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल ने भी सभा को संबोधित किया।

#### जन आक्रोश यात्रा पर गुटबाजी रही भारी

सिवनी मालवा में जन आक्रोश यात्रा का जगह-जगह स्वागत तो किया गया वहीं नगर में स्वागत द्वार बनाकर अलग-अलग गुटों में खड़ी कांग्रेस नजर आई। विपक्ष में 20 साल से अपनी भूमिका निभाई रही कांग्रेस इन 20 सालों में भी अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट नहीं कर पाई जिसका उदाहरण जन आक्रोश यात्रा में देखने को मिला जैसे ही जान आक्रोश यात्रा बानापुरा में आई तो सिर्फ पूर्व विधायक ओम भैया के घर पर रूखी वही तहसील के पास दूसरे कांग्रेस के गुट ने स्वागत द्वार लगाकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा का स्वागत किया गया तो वहीं नंदरवाडा रोड बस स्टैंड के पास एक बड़ा सा टेंट लगाकर यात्रा को रोककर एक आम सभा करने की तैयारी थी लेकिन यात्रा वहां भी नहीं रुकी और सीधे पुराने बस स्टैंड पर सभा स्थल की ओर रवाना हो गई।कांग्रेस की गुटबाजी बाली राजनीति की नगर के चौक चौराहा पर भी जमकर चर्चा रही।

### चौक चौराहों से निकले जुलूस की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

## मिलादुन्नबी का ऐतिहासिक जुलूस निकाला गया, भव्य स्वागत हुआ




नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

इस्लाम के प्रवर्तक मोहम्मद हजरत पैगंबर के जन्मदिन मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम समुदाय द्वारा उत्साह से मनाया गया। प्रभात काल से ही आयोजन को लेकर नगर में उत्साह दिखाई देने लगा। वाहनों पर सवार युवक जुलूस के आगे पीछे चल रहे थे। सत रस्ता अमर चौक सहित कई स्थानों पर जुलूस का स्वागत किया गया।

जुलुस के आगे आगे चल रहे जिला पुलिस के जवान और अधिकारियों द्वारा यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के सार्थक प्रयास किए गए। धार्मिक पर्व पर किसी प्रकार का कोई व्यवधान पैदा ना हो इस हेतू पुलिस प्रशासन की व्यापक तैयारियां रही। जुलूस नगर के विभिन्न चौक चौराहे से होते हुए इतवारा बाजार स्थित उपभोक्ता के सामने समाप्त हुआ। चल समारोह के दौरान जब्बार खान, फैजान उल हक, जाकिर खान, हबीब खान, साकिर खान, अब्दुल नावेद, रिजवान खान, शहर काजी अशफाक अली , नायब काजी अब्दुल अलीम , कारी जाफिरुद्दीन , मौलाना शमीम अख्तर , सेठ अब्दुल वाहिद , बसीर सिद्दीकी , डॉक्टर मोबीन खान, गुलाम मुस्तफा, सैयद रियाज अली, नवाब , राजा नफीस, आदिल फाजिल, समीम कुरेशी, शेख इमरान, अशफाक खान, निसार खान, अल्ताफ खान, आसिफ खान, शोएब खान, फिरोज खान, सोहेल खान, शाहनवाज खान, जाहिद खान सहित सैकड़ो की तादाद में उपस्थित थे।

## सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से शहर में गंदगी का लगा अंबार

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो



शहर के मुख्य बाजार सहित 15 ही वार्डों में इस समय गंदगी का अंबार लगा हुआ है। विगत 7 दिनों से सफाई कर्मियों की हड़ताल चल रही है उसके कारण पूरे शहर की हर गली चौक चौराहों पर गंदगी अपने चरम पर है।

आज शहर में लगे जगह-जगह कचरे के ढेर नगर पालिका को मुंह चिढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। हर समय की तरह नगर के पत्रकारों ने जागरूकता दिखाते मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा कर नगर में फैली गंदगी के विषय में चर्चा कर अपने-अपने सुझाव दिए।चर्चाओं के दौरान तय हुआ कि नगर पालिका के वाहान सभी वार्डों में कचरा एकत्रित करने जाएंगे जिसका ऐलाउंस शुक्रवार की शाम को नगर में करवा दिया गया वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने शहर वासियों से अपील की है कि कचरा निर्धारित स्थान पर रखें और अपने आसपास के कचरे को एकत्रित कर नगर पालिका के वाहान में डालें।

#### आज शहर को आवश्यकता है स्वच्छ भारत के तहत झाड़ू लगाने वाले जनप्रतिनिधियों की

2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन स्थानीय गांधी चौक पर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का नारा लगाते हुए नगर के जनप्रतिनिधि हाथों में झाड़ू लेकर साफ सुथरी सड़कों पर झाड़ू लगाकर अपनी फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया अखबारों में छपवाने का शौक तो रखते हैं लेकिन वास्तविक सफाई करने का समय आज है। कहा गए वो जनप्रतिनिधि पूछती है सिवनी मालवा की जनता ? की सफाई कर्मियों के साथ दिखावा करते हुए रोड पर झाड़ू लगाते हुए दिखाई देते हैं लेकिन आज नगर को आवश्यकता है उन नेताओं की जो आज शहर में फैल रही गंदगी को किसी प्रकार से भी सफाई करके शहर को स्वच्छ बना सके लेकिन एक भी जनप्रतिनिधि इसके लिए आगे आने का साहस नहीं जुटा पा रहे है।सब के सब नदारत है बारिश के बाद ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप रहता है और ऐसे में शहर की साफ सफाई नहीं होने पर बीमारियों का संकट शहर पर मंडरा सकता है। इस दौरान नगर के वरिष्ठ पत्रकार विजय सिंह ठाकुर संतोष सिंह चंदेल नंदकिशोर व्यास राजू राठौर करण सिंह ठाकुर नरेंद्र रघुवंशी अरुण कश्यप ने किस प्रकार नगर में साफ सफाई व्यवस्था कायम हो सके जिस पर गंभीरता से विचार विमर्श किया।

### कार्यालय का किया निरीक्षण

## इटारसी में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह शुक्रवार को इटारसी पहुंचे। उन्होंने यहां पॉलिटेक्निक इटारसी में संचालित आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन के सफल क्रियान्वन के लिए निर्वाचन से जुड़े सभी दिशा निर्देशों को अच्छी तरह से समझे। मन में किसी भी प्रकार के प्रश्न उत्पन्न होने पर निसंकोच उन्हें पूछे। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को भी सरल रूम में प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर श्री सिंह ने इटारसी में तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय में राजस्व एवं आपराधिक प्रकरणों के निराकरण की स्थिति देखी। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सुचारू रूप से राजस्व न्यायालय का संचालन करने और समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### मेट्रो एंकर | नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे पहुंचे प्रतिमा विसर्जन करने

# इटारसी में धूमधाम से दी गई विघ्नहर्ता को विदाई

इटारसी, दोपहर मेट्रो

गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ... के जयकारे के साथ श्रद्धालुओं ने गुरुवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्रीगणेश मूर्ति का विसर्जन किया। सुबह से ही श्रद्धालु अपने घरों से मूर्ति विसर्जन स्थल ले जाते नजर आए। अनंत चतुर्दशी पर बप्पा की विदाई में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने गणेश मूर्तियां विसर्जित की। नगरपालिका इस वर्ष मेहरागांव नदी पर बनाए गए अपने कृतिम कुंड स्थल पर हाइड्रा मशीन बडी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए उपलब्ध कराई ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। यहां पर

विभिन्न स्थानों व घर-घर में स्थापित मूर्तियों को बैंडबाजों के साथ जुलूस के रूप में विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। इससे पूर्व हवन, पूजन एवं आरती कर प्रसादी वितरित कर परिवार में खुशहाली की कामना की गई।

**नगरपालिका परिषद ने मूर्ति विसर्जन के लिए कृतिम कुंड स्थल पर लगाई हाइड्रा मशीन**
**शुभम गौर रहे दिनभर रहे विसर्जन स्थल पर मौजूद**



#### नर्मदा जल और टयूबवेल के पानी से भरा गया कृत्रिम कुंड

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने इस वर्ष नागरिकों की आस्था को देखते हुए कृतिम कुंड टैंकरों से पानी भरने के स्थान पर पास में मौजूद नगरपालिका के टयूबवेल से पानी भरवाया। इसके अलावा कुंड में एक टैंकर पानी मां नर्मदा का नर्मदापुरम से लाया गया और उस कुंड के पानी को पवित्र किया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे भी अपने मोहल्ले में हिंदू उत्सव समिति द्वारा विराजित गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए कृतिम कुंड पर पहुंचे। यहां उन्होंने बप्पा का पूजन किया और व्यवस्थाएं भी देखीं। स्थानीय पार्षद शुभम गौर यहां विसर्जन स्थल पर पूरे समय मौजूद रहे।




### शहर में बडता जा रहा मच्छरों का प्रकोप, डेंगू, मलेरिया की चपेट में आ रहें नागरिक

# गंदगी और बदबू के जाल में फंसा शहर जगह-जगह लगे हैं कचरे के ढ़ेर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर के इतिहास में त्यौहारों के समय शहर का ऐसा हाल सिरोंज वासियों ने पहले कभी नही देखा होगा जो आज देखने को मिल रहा है। सितम्बर माह में गणेष चर्तुथी,पर्युषण पर्व,डोल ग्यारस आदि पर्व मनाए गए। लेकिन यह सभी पर्व गंदगी और कचरे से निकलने वाली बदबू के बीच मनाए गए। डोल ग्यारस के अलगे दिन जब भगवान के विमान मुख्य बाजार में रात्रि विश्राम कर जैसे ही मंदिरों की ओर रवाना हुए उसे दिन सफाई कर्मचारियों की हडताल प्रारंभ हुई। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते नगर की सड़कों पर चारो और गंदगी के ढेर लगें और इसी गंदगी के ढेरो के बीच से भगवान के विमानों को गुजरना पड़ा। लेकिन नगर पालिका की सफाई कर्मचारियो की हड़ताल का पता होने के बावजूद नपा ने त्यौहार पर शहर की सफाई के लिए कोई व्यवस्था नही की। जिसके चलते डोल ग्यारस पर तो भगवान गदंगी के बीच से गुजरे साथ ही तीन दिन बीत जाने के बाद अंनत चर्तुदषी गणेष विसर्जन पर भी गणपती बप्पा को भी गंदगी के बीच से गुजरकर विसर्जन के लिए जाना पड़ा। लेकिन नपा द्वारा शहर की सफाई के किए कोई ध्यान नही दिया गया। त्यौहारो पर पूरे शहर में गंदगी व बदबू से परेषान नागरिकों में भी नगर पालिका के खिलाफ भारी आक्रोष देखा जा रहा है। वही नागरिको का कहना है कि जब नगर पालिका को सफाई कर्मचारियों की हड़ताल की जानकारी थी तो नपा को त्यौहारो पर शहर की साफ सफाई के लिए कोई व्यवस्था करना चाहिए था। लेकिन न तो इस और नपा अधिकारियों ने कोई ध्यान और नपा अध्यक्ष,उपाध्यक्ष भी शहर में मची गंदगी को मूर्ख दर्षक बने देखते रहें।





### मूकदर्शक बने बैठे जनप्रतिनिधि, नागरिकों में भारी आक्रोश

पूरे शहर में गंदगी का जाल फैलता जा रहा है और मच्छरों ने नागरिकों को अपनी चपेट में लेना चालू कर दिया है। शहर के प्रमुख मार्गो से लेकर छोटी से छोटी गली में सड़कों पर जगह जगह कचरे के ढेर लगें हुए है। शहर के हालात इतने खराब होने के बाद भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बने बैठे बैठे शहर के हालात देख रहें है। जनप्रतिनिधिओं द्वारा इस और कोई ध्यान नही देने के कारण बीमारियों व गंदगी ने पूरे शहर में अपना जाल बिछा दिया है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस जाल को नही टोडा गया तो शहर में प्रतिदिन मरीजों की संख्या में वृद्वि होती जाएगी। शहर के हालात बद से बदतर होते जा रहें है और जनप्रतिनिधि अपनी आखों पर पट्टी बाधकर गंदगी व बदबू के बीच से गुजर रहें है लेकिन इस समस्या का समाधान के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा कोई सख्त कदम नही उठाया जा रहा। नगर पालिका अध्यक्ष,उपाध्यक्ष से जब भी कोई नागरिक गंदगी व जगह जगह लगे कचरे के ढेरो की बात करता है तो वह नागरिकों की बात सुनकर अंसुना करते हुए सफाई कर्मचारियों की हड़ताल की बात कहकर बात को खत्म कर देते है। जिस कारण गंदगी और बदबू से परेषान नागरिकों का अब गुस्सा फूटने लगा और शहर के नागरिक प्रतिदिन सोषल मीडिया पर गंदगी के फोटो शेयर कर अपना दुख जाहिर कर रहें है।

### इनका कहना है

प्रदेशव्यापी हड़ताल के कारण सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है। हमनें स्थानीय स्तर पर सफाई कर्मचारियों से चर्चा भी की थी। लेकिन प्रदेशव्यापी हड़ताल के कारण कुछ नही हो पाया। फिर भी हम स्थानीय स्तर पर कुछ व्यवस्थाए कर रहें है।

**हर्षल चौधरी**, एसडीएम सिरोंज।

### बढता जा रहा मच्छरों का प्रकोप, नागरिक हो रहें बीमार

4 दिनों से शहर के मुख्य बाजार सहित गली मोहल्लों की सफाई न होने के कारण नगर की अधिकांष नालिया चौक हो गई और पूरे शहर में जगह जगह कचरे के ढेर लगें हुए है। साथ ही नालिया का गंदा पानी सड़कों पर बहने व कचरे के ढेरो से निकलने वाली बदबू से नागरिकों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। वही गंदगी और बदबू से पनप रहें मच्छरों ने शहर वासियों का जीना दुषवार कर दिया है। तेजी से बढ रहा मच्छरों का प्रकोप अब नागरिक को बीमारियों की चपेट में रहा है। जिस कारण डेंगू,मलेरिया सहित अनेको बीमारियों का उपचार कराने के लिए डॉक्टरों की क्लीनिकों व अस्पतालों में नागरिकों की प्रतिदिन भीड़ बढती जा रही है। वही मच्छरों की चपेट में आने डेगू,मलेरिया के ज्यादातर बच्चें और बुर्जुग षिकार हो रहें है। शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय की दूरी अधिक होने के कारण नागरिक अधिकतर शहर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए पहुचतें है या फिर नगर में संचालित प्राईवेट क्लीनिकों व अस्पतालों में डेंगू व मलेरिया का उपचार कराने के लिए पहुच रहें है।

समय रहते ध्यान नही दिया गया तो स्वास्थ्य के लिए बन जाएगी बडी चुनौती - शहर में बढतें जा रहें मच्छरों के प्रकोप को लेकर जब बीएमओ डॉ अमित भेदिया से चर्चा की तो उन्होने बताया अभी शहर में साफ सफाई न हुए तीन चार दिन हुए है और शासकीय अस्पताल में डेगू,मलेरिया के मरीज भी कम आ रहें है लेकिन यदि ऐसा ही चलते रहा और आगामी दिनों में शहर में साफ सफाई नही हुई तो आने वाले समय में डेगू,मलेरिया के मरीजों की संख्या बडती जाएगी। स्थानीय प्रषासन व नगर पालिका ने इस और कोई सख्त कदम नही उठाया और अस्पताल में डेंगू,मलेरिया के मरीजों की संख्या बडी तो इस बीमारी पर काबू करने के लिए काफी समय लग जाएगा और स्वास्थ्य विभाग के लिए भी यह बडी चुनौती बन जाएगी। वही उन्होने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नागरिक गंदगी व बदबू से दूर रहें और जितना हो सके मच्छरों के काटने से बचें। यदि डेगू या मलेरिया के लक्षण दिखे तो तत्काल शासकीय अस्पताल में उपचार के लिए आए।



# ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जलसे का आयोजन

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

### वक्ताओं ने डाला हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विदिशा जिले के सिरोंज में शुक्रवार को एक जलसे का आयोजन किया गया जिसमें अतिथियों ने इस्लाम के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षाओं पर अमल करने की बात कही इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल से आए सैयद शराफत अली नदवी ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि अल्लाह अपने पैगंबरों को जब दुनिया में भेजता है तो वह अमओ अमन का पैगाम देते हैं जिससे एक अच्छे समाज का निर्माण हो पैगंबर इंसानियत का पाठ पढ़ाता है उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि हमारे पड़ोसी देश की वजह से पूरी मुस्लिम



समाज की छवि धूमिल हो रही है इतना ही नहीं इस अवसर पर उन्होंने भारत की प्रशंसा करते हुए कहा कि सन 1947 में हमारे पूर्वजों ने बहुत ही अच्छा निर्णय लिया था जो कि इस धरती को नहीं छोड़ा बल्कि इस जगह को पसंद किया और जो लोग बंटवारे के समय चले गए वह आज भी रोते हैं और यहां की मिट्टी को याद करते हैं।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विस स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य बहुत महत्वपूर्ण होता है। निर्वाचन कार्य सुगमता से किए जा सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी होना आवश्यक है। सभी मास्टर ट्रेनर्स पूरी गंभीरता और लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करें। इस प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिले की चारों विधानसभाओं के विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रकिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इन विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अपनी-अपनी विधानसभा में पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग तथा एसडीएम श्री मुकेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

# गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ...

### देर रात तक जारी रहा गणेश विसर्जन का सिलसिला.



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गणेश चतुर्थी से प्रारम्भ हुए गणेश उत्सव का अनंत चतुर्दशी पर समापन हो गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर एवं घर परिवारों में विराजे भगवान गणेश की प्रतिमाओं को ढोल नगाड़ों के साथ अगले वर्ष तक के लिए विदा किया गया। गणेश विसर्जन के लिए निकाले गए चल समारोह में अच्छा खासा उत्साह देखा गया। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की गणेश प्रतिमाओं को भी विसर्जन के लिए नर्मदा तट पर लाया गया।

हर्बल पार्क के पास प्रशासन द्वारा कृत्रिम कुंड का निर्माण कराया गया इसमें प्रतिमाओं को विसर्जन किया जा रहा है। विसर्जन के लिए आने वाली प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिए तथा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

# आयुष्मान भव : बनखेड़ी विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में 904 मरीजों की हुई जांच और मिला उपचार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

आयुष्मान भव के अंतर्गत बनखेडी में विकासखंड स्तरीय आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का आयोजन 29 सितंबर शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद् अधीक्षक हरीश मालानी एवं सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार, बीएमओ डॉ जे एस परिहार, रमेश पटेल, मुकेश सराठे, हेमराज मुख्त्यार, सोमू दुबे, बालमुकुन्द जावरे के द्वारा फीता काटकर निशुल्क आयुष्मान स्वास्थ्य मेले एवं विश्व दिवस का शुभारंभ किया गया। जिसमे गाँधी मेडिकल कॉलेज से डॉ प्रतीक तिवारी, डॉ अजय वर्मा, सर्जन डॉ मुकेश धुर्वे, दन्त



चिकित्सक डॉ अरविन्द, शिशु विशेषज्ञ डॉ सोनाली, नेत्र विशेषज्ञ डॉ अंशुल शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ राशी जैन, डॉ रुचि सोनी आदि चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा मरीजो का उपचार किया गया ,आयुष्मान मेले में 904 मरीजो का उपचार किया गया एवं जिले से रक्त यूनिट टीम द्वारा 16 रक्त यूनिट रक्त एकत्रित किया एवं 64 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए एवं स्त्री विशेषज्ञ द्वारा 34 महिलाओ की जाँच की गई। साथ ही 512 मरीजो की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। 302 हितग्राहियों की आभा आई डी बनाई गई एवं नेत्र विशेषज्ञ द्वारा 66 नेत्र मरीजो की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 16 मरीज मोतियाबिंद के पाए गये. सभी अतिथियों का स्वागत ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉ जे एस परिहार, डॉ रमाकांत मिश्रा, बीपीएम जीतेन्द्र सिलधरिया, अमित अखंडे, डॉ अध्याषा महापात्रा, डॉ आकाश जॉन लाखरा, डॉ निखिल, अवधेश रघुवंशी, राधा गोस्वामी आदि द्वारा किया गया।

**मेट्रो एंकर** | विधायक बोले, कांग्रेस को नहीं दिखता है क्षेत्र का विकास

# तवा कॉलोनी में 41 करोड़ के सीएम राइस स्कूल का भूमिपूजन

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को तवा कालोनी में सीएम राइज स्कूल भवन के लिए भूमिपूजन किया। सीएम राइज स्कूल के सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण 41 करोड़ रुपए की लागत से अगले 18 माह में किया जाएगा।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, जिला भाजपा महामंत्री मुकेशचंद्र मैना, नगर पालिका उपाध्यक्ष और स्थानीय पार्षद निर्मल सिंह राजपूत, सीएम राइज स्कूल में विधायक प्रतिनिधि गोविन्द बांगड़, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती बाधवा, एमजीएम कालेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ.नीरज जैन, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष जागृति भदौरिया, पीआईयू के कार्यपालन यंत्री मयंक शुक्ला और एसडीओ नेहा राठौर, प्राचार्य एनपी चौधरी सहित अन्य अनेक नेता, नगर पालिका पार्षद, स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्कूली बच्चे भी मौजूद रहे।




### नयी शिक्षा नीति की नयी परिकल्पना

विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने अपने संबोधन में नयी शिक्षा नीति और सीएम राइज स्कूल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति की नयी परिकल्पना से सीएम राइज स्कूल की शुरुआत हुई। सीएम राइज स्कूल में खेल मैदान, सभी विषयों के प्रशिक्षित टीचर्स, स्मार्ट क्लास, गांवों से बच्चों को लाने के लिए बस उपलब्ध रहेंगी। यहां 12 वी तक के बच्चे अध्ययन करेंगे और ये स्कूल प्रायवेट स्कूलों के मुकाबले बेहतर साबित होंगे।

### बैठने तक की व्यवस्था नहीं थी

विधायक ने कहा कि जब वे पहली बार विधायक बने थे तो स्कूलों में अच्छी शिक्षा तो दूर, टीचर्स और विद्यार्थियों के बैठने तक की ठीक से व्यवस्था नहीं थी। हम स्वयं फट्टियों पर बैठे हैं और कई स्कूलों में तो यह भी उपलब्ध नहीं होती थीं। विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम बने, ओवरब्रिज बने, दहशरा मैदान बने, सीएम राइज स्कूल बन रहे हैं, बावजूद इसके कांग्रेस को विकास नहीं दिखता क्योंकि कांग्रेसियों की आंखों पर राहुल गांधी की पट्टी बंधी है जो उतर नहीं सकती। उसे तो केवल इस देश की जनता ही उतार सकती है।

### ऐसा प्रायवेट स्कूल कहीं नहीं

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि पूरे संभाग में इस तरह का कोई प्रायवेट स्कूल नहीं होगा, जैसा सीएम राइज स्कूल का भवन बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें ऐसे विधायक मिले जिनका संपूर्ण परिवार शिक्षा के लिए समर्पित है।

# मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण प्रारंभ - निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में दी गई जानकारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह के निर्देशों के अनुरूप विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 29 सितंबर से प्रारंभ हुआ। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीमालवा में आयोजित प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी ,मतदान अधिकारी क्रमांक एक, क्रमांक 2 तथा क्रमांक 3 ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दिवस के एक दिन पूर्व की तैयारी मतदान दलों को विभिन्न कार्यो के बारे में जानकारी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपीएट के संचालन ,इसका हैंड्स ओंन प्रशिक्षण दिया गया साथ ही विभिन्न प्रकार के लिफाफे प्रपत्रों आदि को भरने के बारे में प्रशिक्षण में बताया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि मॉक पोल में न्यूनतम 50 वोट



डालना है तथा यह अभिकर्ताओं की उपस्थिति में कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के पश्चात पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान समाप्ति की घोषणा की जाएगी। मतदान समाप्ति के पश्चात क्लोज का बटन दबाना अनिवार्य है। तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा मतदान कर्मियों को बताया गया कि मतदान की पूरी प्रक्रिया को गंभीरता से समझे। यदि कोई तथ्य समझ में नहीं आ रहा है तो मास्टर ट्रेनर से समस्या का समाधान कराएं। प्रशिक्षण में तहसीलदार राकेश खजूरिया, नायब तहसीलदार नितिनराय, श्रीमती दीप्ति चौधरी, अशोक साहू द्वारा दिया गया।

# वर्ल्ड कप में वार्म-अप मैचों के मायने

भारतीय सरजमीं पर होने वाले वनडे वर्ल्ड कप शुरू होने में अब कुछ ही दिन बाकि बचे हैं। 5अक्टूबर से देश में क्रिकेट का महाकुंभ शुरू होने जा रहा है। इस मेगा इवेंट के लिए सभी 10 टीमों ने अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। दरअसल आईसीसी की गाइडलाइन के मुताबिक सभी टीमें 28 सितंबर तक अपनी टीम में बदलाव कर सकती थी। इसके तहत ऑस्ट्रेलिया व टीम इंडिया ने चोटिल एक एक खिलाड़ी का महत्वपूर्ण फेरबदल किया। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार फॉर्म में चल रहे मार्नस लाबुशेन को अपनी टीम में एश्टन एगर की जगह शामिल किया है।भारतीय परिस्थितियों में एश्टन एगर का वर्ल्ड कप 2023 से बाहर होना कंगारू टीम के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं टीम इंडिया में चोटिल अक्षर पटेल की जगह 37 वर्षीय वेटेरन फिरकी अश्विन पर अपना दांव लगा कर चयनकर्ताओं ने चयन में हुई चूक को सुधारा है।बांये हाथ के एक समान दो फिरकी का चयन सभी जानकारों की समझ से परे था।खैर देर आये दुरुस्त आये।रविचंद्रन अश्विन के टीम में शामिल होने के बाद टीम इंडिया सभी विभागों में बेहद संतुलित नजर आ रही है। वर्ल्ड की तैयारी को परखने के लिए सभी टीमों के वार्म अप मैचों की शुरुआत बुधवार से हो गयी है।कल हुए मैचों में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश की टीमों ने पाकिस्तान व श्रीलंका पर अपना दबदबा बनाया।भले ही वार्म मैचों के रिजल्ट का असर किसी भी टीम के मनोबल के लिहाज से ज्यादा मायने न हों,लेकिन भारतीय सरजमीं पर होने वाले वर्ल्ड कप में मौसम और पिच का बर्ताव व मिजाज के नजरिये से टीमों को जांचने परखने का मौका कहा जा सकता है।सभी टीमों को 2-2 वार्म अप मैच खेलने है लेकिन साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के मैच कल बारिश की वजह से न होने के कारण दोनो टीमों को बचे हुए एक ही मैच में इनके खिलाड़ी वार्म अप हो पायेंगे।आज होने वाले मैचों में टीम इंडिया की भिड़ंत इंग्लैंड से होगी,जबकि दूसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स के बीच होगा।पहले दिन हुए मैचों पर अगर गौर करें तो फिर ज्यादातर टीमों ने गेंदबाजों की तुलना में अपने बल्लेबाजों को ज्यादा वार्म अप करने की कोशिश की।भले ही फिरकी गेंदबाजों को तो सभी टीमों ने हाथ खोलने का मौका दिया, लेकिन ये टीमें अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों को बचाने की रणनीति काम करती दिखीं। एक ओर जहां पाकिस्तान ने शाहीन अफरीदी को तो वहीं न्यूजीलैंड ने ट्रेंट बोल्ट को एक ओवर के लिए तक वार्म आप नहीं करवाया।मतलब साफ है कि बड़ी टीमें अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों को लेकर इन मैचों में काफी सतर्क हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि सभी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ लीग मैच में भिड़ना है,ऐसे में एक्स फेक्टर तेज गेंदबाज को बतौर तुरुप का एक्का बना कर रख रहे हैं। यह सिलसिला आने वाले वार्मअप मैचों में भी देखने को मिल सकता है।मतलब साफ है कि सभी टीमें इन मैचों में अपने बल्लेबाजों और फिरकी गेंदबाजों को तो वार्मअप करने की कोई कसर नहीं छोड़ेंगी, लेकिन अफरीदी, बोल्ट,बुमराह, स्टार्क और रबाडा समेत कई तेज गेंदबाजों को वार्म अप करने से सभी टीमें परहेज या सीमित प्रयोग ही कर सकती हैं।इसकी खास वजह यह भी हो सकती है वर्ल्ड कप में इस्तेमाल होने वाली पिचें बल्लेबाजों और फिरकी मददगार मिलने की भी उम्मीद है।



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक




# सरबजोत सिंह और दिव्या ने जीता सिल्वर

एशियन गेम्स का 7वां दिन

शूटिंग में दिन का पहला मेडल

**हांगझोउ, एजेंसी।** 19वें एशियन गेम्स के 7वें दिन चीन के हांगझोउ में शूटिंग में सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीत लिया है। गोल्ड के हुए मुकाबले में उन्हें चीन की जोड़ी झांग बोवेन और जियांग रैनक्सिन से 16-14 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उन्हें सिल्वर से संतोष करना पड़ा। भारत अब तक 34 मेडल जीत चुका है। इसमें 8 गोल्ड, 13 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज शामिल है। भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर है।

### भारत के शूटिंग में हुए 19 मेडल

हांगझोउ एशियाड में अब भारत के 19 मेडल हो गए हैं। जिनमें 6 गोल्ड, 8 सिल्वर, 5 ब्रॉन्ज शामिल है। यह गेम्स के 72 साल के इतिहास में हमारा शूटिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। निशानेबाजों ने 2006 गेम्स का रिकॉर्ड तोड़ा। तब दोहा गेम्स में शूटिंग में 3 गोल्ड, 5 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज सहित कुल 14 मेडल जीते थे। मुरली शंकर और जेसविन एल्ड्रिन ने मेंस लॉन्ग जंप के फाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं 1500 मीटर रेस में भी अजय कुमार और जिन्सन जॉनसन ने भी फाइनल में जगह पक्की की। ज्योति याराजी विमेंस 100 मीटर हर्डल्स के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

### टेनिस में मेडल पक्का

रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी का फाइनल मुकाबला खेलेगी। इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की अएचएसयू यू-हसिउचान और हाओ-चिंग जोड़ी को 2-1 से हराया। इसी के साथ भारतीय जोड़ी ने भारत के लिए मेडल पक्का कर लिया। वेटलिफ्टिंग इवेंट भी आज से शुरू होंगे, इसमें ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू विमेंस 49 किग्रा वर्ग में पहली बार एशियन गेम्स में उतरेंगी। चानू के साथ, बिंद्यारानी देवी महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में भाग लेंगी। बीते शुक्रवार भारतीय शूटर्स ने दो गोल्ड और 3 सिल्वर के साथ दिन की शानदार शुरुआत की। इसके बाद टेनिस में रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की जोड़ी ने सिल्वर हासिल किया। फिर स्क्वॉश में भारतीय मेंस टीम ने ब्रॉन्ज दिलाया। दिन का आखिरी मेडल शॉटपुट में आया। विमेंस शॉटपुट इवेंट में किरण बालियान ने 17.36 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे नंबर पर रह कर ब्रॉन्ज जीता। इसके साथ ही भारतीय मेंस बैडमिंटन टीम ने नेपाल को 3-0 से हराते हुए 37 साल बाद एशियाड का मेडल पक्का किया।

### बॉक्सिंग में लवलीना एक्शन में

निखत जरीन द्वारा भारत को मेडल पक्का करने के बाद, वर्ल्ड चैंपियन लवलीना बोरगोहेन सहित 4 मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल मैच खेलेंगे। लवलीना के अलावा, सचिन सिवाच, निशांत देव, प्रीति पवार और नरेंद्र बेरवाल भी शनिवार को एक्शन में होंगे। निखत का मैच कल यानी रविवार को होगा। भारतीय शूटर्स ने दो गोल्ड और 3 सिल्वर के साथ दिन की शानदार शुरुआत की। टेनिस में रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की जोड़ी ने सिल्वर हासिल किया। फिर स्क्वॉश में भारतीय मेंस टीम ने ब्रॉन्ज दिलाया। दिन का आखिरी मेडल शॉटपुट में आया। विमेंस शॉटपुट इवेंट में किरण बालियान ने 17.36 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे नंबर पर रह कर ब्रॉन्ज जीता। इसके साथ ही भारतीय मेंस बैडमिंटन टीम ने नेपाल को 3-0 से हराते हुए 37 साल बाद एशियाड का मेडल पक्का किया। शाम को बॉक्सर निखत जरीन ने 50 ग्रा वेट कैटेगरी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर एक मेडल तय कर लिया। इतना ही नहीं, निखत ने पेरिस ओलिंपिक-2024 का कोटा भी हासिल भी किया।

ईरानी कप...दोनों टीम के स्क्वॉड का ऐलान

# कल से खेला जाएगा मैच

**राजकोट, एजेंसी**

इस साल ईरानी कप का मैच सौराष्ट्र और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाएगा। इसके लिए दोनों टीमों के स्क्वॉड की घोषणा की जा चुकी है। हनुमा विहारी को रेस्ट ऑफ इंडिया की कप्तानी सौंपी गई है। बता दें ईरानी कप मैच 1 अक्टूबर से राजकोट में खेला जाएगा। अभिमन्यू ईश्वरन टाइफाइड की वजह से रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में जगह नहीं बना पाए। ईश्वरन ने इस रणजी सीजन में 798 रन बनाए थे। वहीं इस रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले जलज सक्सेना को भी टीम में जगह नहीं मिली है। हनुमा विहारी को ईरानी कप के लिए रेस्ट ऑफ इंडिया की कप्तानी दी गई है। विहारी की कप्तानी में ही साउथ जोन ने इस साल की दलीप ट्रॉफी जीती थी।

यंगस्टर्स को मौकाः इंडिया के खिलाड़ियों के एशियन गेम्स में व्यस्त होने के कारण रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में यंगस्टर्स को मौका दिया गया है। यश धुल, रोहन कुन्नुमल को टीम में शामिल किया गया है। अभिमन्यू ईश्वरन ने पिछले रणजी सीजन में 798 रन बनाए थे। टाइफाइड की वजह से उन्हे रेस्ट ऑफ इंडिया की टीम से बाहर रखा गया है। अभिमन्यू ईश्वरन ने पिछले रणजी सीजन में 798 रन बनाए थे। टाइफाइड की वजह से उन्हे रेस्ट ऑफ इंडिया की टीम से बाहर रखा गया है।

### ईरानी कप को जानिए

ईरानी कप मैच सीजन की रणजी विजेता टीम और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाता है। यह टेस्ट फॉर्मेट मैच होता है जो उन्हीं नियमों के हिसाब से 5 दिन तक चलता है। रेस्ट ऑफ इंडिया टीम का सेलेक्शन बीसीसीआई करती है। कप का नाम बीसीसीआई के पूर्व ट्रेजरार और प्रेसिडेंट जाल ईरानी के नाम पर रखा गया। पहला ईरानी कप मैच 1959-60 में खेला गया। इस साल फरवरी में सौराष्ट्र ने बंगाल को 9 विकेट से हराकर रणजी का खिताब अपने नाम किया था। सौराष्ट्र ने दूसरी बार रणजी ट्राफी जीता थी।



मनोरंजन बॉलीवुड का कोना

# अनिल बोले- प्रियंका का चेहरा देख दंग रह गया

फिल्म 'गदर 2' के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने प्रियंका चोपड़ा के करियर पर बात की है। प्रियंका ने उनकी फिल्म द हीरो- लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई में काम किया था। 2003 में रिलीज हुई ये फिल्म प्रियंका की पहली बॉलीवुड फिल्म थी। अनिल शर्मा ने एक इंटरव्यू में बताया कि प्रियंका फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने की कगार पर थीं क्योंकि उस दौरान उन्हें कई फिल्मों से निकाला जा चुका था। इसकी वजह प्रियंका चोपड़ा की प्लास्टिक सर्जरी थी। दरअसल, इस फिल्म की रिलीज से पहले प्रियंका ने अपनी नाक की सर्जरी करवा ली थी जिससे उनका करियर शुरू होने से पहले ही खत्म हो सकता था। अनिल शर्मा ने बॉलीवुड ठिकाना से बातचीत में कहा, मैं आपको बताता हूं कि क्या हुआ था। प्रियंका के साथ एक बहुत बड़ी ट्रैजडी हुई थी। वो बेहतरीन दिखती थीं, मैं उन्हें फिल्म में साइन कर चुका था।



### प्रियंका से पूछा-तुमने ऐसा क्यों किया?

अगले दिन मैंने प्रियंका को मिलने बुलाया। वो अपनी मम्मी के साथ मुझसे मिलने आईं। प्रियंका और उनकी मां रो रही थीं। उन्होंने मुझे ऑपरेशन के बारे में बताया जिससे प्रियंका की नाक पर निशान पड़ गया था। वो निशान आज भी है। प्रियंका ने बताया कि उन्हें ठीक होने में कुछ महीने लगेंगे जिसकी वजह से उन्हें कई प्रोजेक्ट्स से निकाल दिया गया है। अनिल शर्मा बोले- मैंने प्रियंका से पूछा-तुमने ऐसा क्यों किया? अनिल ने वेटरन मेकअप आर्टिस्ट को कॉल किया, जब वो आए तो मैंने उनसे प्रियंका को मिलवाते हुए कहा, दादा ये लड़की है, इसका क्या कर सकते हैं? तीन दिन बाद हमने प्रियंका का स्क्रीन टेस्ट लिया। उन्हें एक शॉर्ट विग लगाई। सबने स्क्रीन टेस्ट देखकर कहा कि प्रियंका बेहद खूबसूरत हैं।

## केटरीना ने पूछा सलमान खान - गद्दार हैं या देशभक्त

सलमान खान और कटरीना कैफ ने सुबह अपने सोशल मीडिया पर 'टाइगर -3' का टीजर आउट किया है। टीजर में सलमान खान उर्फ अविनाश सिंह राठौड़ खुद को गद्दार कहते नजर आ रहे हैं। उन्होंने 20 सालों तक, एक रॉ एजेंट के किरदार में देश की हिफाजत की। बदले में कुछ नहीं मांगा, लेकिन अब वे देशवासियों से अपना कैरेक्टर सर्टिफिकेट मांग रहे हैं। एक्शन-ड्रामा से भरपूर इस फिल्म में सलमान खान और कटरीना कैफ साथ नजर आएंगे। यशराज बैनर के तहत बनी ये फिल्म 10 नवंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। सलमान खान, कटरीना कैफ के साथ फिल्म में इमरान हाशमी, रिद्धि डोगरा और आशुतोष राणा भी नजर आएंगे। अविनाश सिंह राठौड़, रॉ एजेंट के किरदार में सलमान खान जंच रहे हैं। टीजर में वे देश के लिए 20 सालों की सेल्फलेस ड्यूटी के बदले कैरेक्टर सर्टिफिकेट मांगते नजर आ रहे हैं।



## अजय की विजयपथ से भी हुई थीं रिप्लेसः रवीना



मो बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने कई बार एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के साथ अपने झगड़े के बारे में बात की है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि फिल्म इंडस्ट्री में पॉलिटिक्स और गुटबाजी के चलते उन्हें कई फिल्में गंवानी पड़ीं। रवीना ने कहा कि इंडस्ट्री में गुटबाजी के चलते उन्हें 'साजन चले ससुराल' जैसी हिट फिल्में गवांनी पड़ी थी। फिल्म में उनकी जगह करिश्मा कपूर को कास्ट कर लिया गया था। रवीना और करिश्मा ने साथ में 'अंदाज अपना अपना', 'रक्षक' और 'आतिश' जैसी फिल्मों में काम किया है। रवीना ने कहा, 'मैं हमेशा से एक हेल्दी कॉम्पिटिशन में बिलीव करती हूं क्योंकि इसके चलते आप अपना बेस्ड डिलिवर कर पाते हैं। हालांकि, मैं एक हद तक ही एंबिशियस हूं। कोई ऐसा नहीं कह सकता कि रवीना ने मुझे इस प्रोजेक्ट से हटवा दिया या रवीना ने इस न्यूकमर के साथ काम करने से मना कर दिया।' रवीना ने आगे कहा, 'मैंने कभी इस तरह की पॉलिटिक्स और गुटबाजी नहीं की पर कई लोगों ने मेरे खिलाफ खुलेआम पॉलिटिक्स की है। मैं डेविड धवन और गोविंदा के साथ फिल्म 'साजन चले ससुराल' में काम करने वाली थी।

### शायद हमें एक-दूसरे से कॉम्पलेक्स रहा हो

1996 में रिलीज हुई साजन चले ससुराल में गोविंदा के अपोजिट करिश्मा कपूर और तबु नजर आई थीं। यह फिल्म उस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। वहीं 1994 में रिलीज हुई विजयपथ भी उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी। फिल्म के गाने बहुत ही ज्यादा हिट हुए थे। एक इंटरव्यू में रवीना ने अपने और करिश्मा के रिश्ते पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि तब मैं और करिश्मा बच्चे थे। हो सकता है कि हमें एक-दूसरे से कॉम्पलेक्स रहा हो। पर वक्त के साथ-साथ हम बड़े हो गए हैं। वर्कफ्रंट पर रवीना फिल्म 'घुड़चढ़ी' में संजय दत्त के अपोजिट नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास वेब सीरीज 'अरण्यक' का सेकंड सीजन है।



मेट्रो बाजार

# अडाणी ग्रुप में 2,494 करोड़ इन्वेस्ट करेगी फ्रांस की कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आबूधाबी बेस्ड आईएचसी कैपिटल होल्डिंग एलएलसी ने अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और अडाणी एनर्जी सोल्यूसंस लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी को बेचने का ऐलान किया है। उसने यह फैसला अपनी री-बैलेंसिंग स्ट्रैटजी के तहत लिया है। इसके लिए नए बायर्स से बात कर ली है। हालांकि, उसने यह नहीं बताया है कि वह अपनी हिस्सेदारी किसे बेचने वाला है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जून क्वार्टर तक सब्सडियरी ग्रीन एनर्जी इन्वेस्टमेंट होल्डिंग ऋस्ट लिमिटेड के पास अडाणी ग्रीन एनर्जी में 1.26 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। जबकि ग्रीन ट्रांसमिशन इन्वेस्टमेंट होल्डिंग ऋस्ट लिमिटेड के पास अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 1.41 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 0.83 प्रतिशत बढ़कर 823 रुपए पर बंद हुआ।




अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 0.83 प्रतिशत बढ़कर 823 रुपए पर बंद हुआ। वहीं अडाणी पावर की फाइलिंग के अनुसार, फोर्टीट्यूड ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट ने 5 से 21 सितंबर के बीच अडाणी पावर में करीब 6.58 करोड़ शेयर्स खरीदे हैं। वहीं इमर्जिंग मार्केट इन्वेस्टमेंट ने 1.92 करोड़ शेयर्स 21 से 25 सितंबर के बीच खरीदे हैं। कंपनी ने फोर्टीट्यूड ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट और इमर्जिंग मार्केट इन्वेस्टमेंट ने सितंबर में अब तक अडाणी ग्रुप में टोटल 2.1 फीसदी एडिशनल स्टेक्स खरीदे हैं। इस महीने की शुरुआत में फ्रांस की कंपनी टोटल एनर्जीज ने अडाणी ग्रुप के साथ जॉइंट वेंचर के लिए 300 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,494 करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट का ऐलान किया था। अडाणी पावर में प्रोमोटर की हिस्सेदारी बढ़कर 69.09 फीसदी हुई इस डील के बाद अडाणी पावर में प्रोमोटर्स की हिस्सेदारी 66.88 फीसदी से बढ़कर 69.09 फीसदी हो गई है।

## ऑनलाइन गेमिंग पर कल से लगेगा 28 फीसदी जीएसटी

**नईदिल्ली,एजेंसी।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स (जीएसटी) के चेयरमैन संजय अग्रवाल ने 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स रेसिंग और कैसिनो पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने का ऐलान किया। अग्रवाल ने कहा है कि गेमिंग कंपनियों को इसके लिए प्रोसेस के तहत लीगल नोटिस भेज दिया गया है। सभी राज्यों की विधानसभाएं जीएसटी संशोधन विधेयक 2023 को अपने यहां 30 सितंबर तक पास करा लें या अध्यादेश लाकर 1 अक्टूबर से लागू करें। उन्होंने कहा कि इसके लागू होने के 6 महीने बाद रिजल्ट की समीक्षा की जाएगी। जीएसटी काउंसिल ने जुलाई में ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स-रेसिंग और कैसिनो पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने का ऐलान किया था। 2 अगस्त को 51वीं बैठक में इस पर अंतिम फैसला लिया गया था। फिलहाल, ज्यादातर ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 18 फीसदी जीएसटी देते हैं। कैसीनो, सट्टेबाजी और इस तरह के दूसरे गेम जिनमें 'चांस' की बात होती है, उन पर 28 फीसदी जीएसटी लगाया जाता है। घुड़सवारी या घुड़दौड़ में सरकार दांव मूल्य (हर बेटिंग) पर चार्ज करती है। देश के 40 करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। 2025 तक इस इंडस्ट्री के 5 अरब डॉलर यानी करीब 41 हजार करोड़ होने के आसार हैं।



## भेल से रिटायर्ड 75 साल के बुजुर्ग को कार ने मारी टक्कर, हालत नाजुक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित एमजीएम डिस्पेंसरी के पास शुक्रवार शाम तेज रफ्तार कार ने भेल से रिटायर्ड बुजुर्ग की स्कूटर को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग को गंभीर चोट आई हैं और उन्हें कस्तूरबा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर कार चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


फाइल फोटो

पुलिस के अनुसार टीके सरकार (75) निवासी 42 सोम्य विहार फेस-3 खजूरी कलां पिपलानी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे भेल से रिटायर्ड हैं। शुक्रवार शाम वह स्कूटर से अपने घर से एमजीएम डिस्पेनसरी जाने के लिए निकले थे। शाम करीब सवा 6 बजे के आसपास वह एमजीएम डिस्पेनसरी के सामने पहुंचे ही?थे कि कार के ड्राइवर ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए उनकी स्कूटर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह स्कूटर समेत सड़क पर गिर गए?थे। हादसे में उन्हें दाहिने आंख के पास, दाहिने पैर व दाहिने कंधे समेत जीभ में और सिर में चोट आई थी। उन्हें कुछ लोगों ने कस्तूरबा अस्पताल में भर्ती कराया था। हादसे के बाद उन्होंने कार का नंबर देख लिया था।

### शाहजहांनाबाद स्थित मोतिया तालाब के पास तीन लुटेरों ने की वारदात



# चाकू अड़ाकर, साढ़े छह हजार रुपए की लूट, क्यूआर कोड पर कराए तीन हजार रुपए ट्रांसफर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मोतिया तालाब के पास तीन लुटेरों ने तालाब किनारे बैठे दोस्तों से मारपीट करते हुए उनके पर्स में रखे साढ़े छह हजार रुपए छीन लिए। आरोपियों ने एक युवक के मोबाइल से तीन हजार रुपए बार कोड के माध्यम से भी ट्रांसफर करा लिए। आरोपियों ने मारपीट और लूटपाट के बाद युवकों को धमकी दी थी कि यदि पुलिस से शिकायत की तो जान से खत्म कर देंगे।**

घटना के बाद थाने पहुंचकर तीनों युवकों ने पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने लूटपाट और मारपीट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि बृजेश मालवीय पिता बिहारी लाल मालवीय (29) ग्राम गाजीखेड़ी, थाना बाड़ी, जिला रायसेन में रहता है और ड्राइवरी करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसके छोटे भाई अरविन्द मलावीय का ताजुल मस्जिद के सामने सिटी केयर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह गत 20 सितंबर से अस्पताल में भर्ती हैं। 28 सितंबर गुरुवार रात गांव से बंटी मालवीय और बालकिशन मालवीय बृजेश और उसके छोटे भाई अरविंद के लिए खाना लेकर भोपाल पहुंचे थे। दोनों अस्पताल गए और वहां बृजेश से मुलाकात की और अरविंद के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद बृजेश बंटी और बालकिशन के साथ सिटी केयर अस्पताल के सामने ताजुल मस्जिद के बगल में मोतिया तलाब के किनारे घूमने के लिए निकल गए। तीनों तालाब किनारे बैठकर बातचीत कर रहे थे, तभी तीन युवक दुबले-पतले से वहां पहुंचे। इनमें एक युवक के हाथ में



चाकू था। उसने बालकिशन के गले पर चाकू अड़ा दिया। जबकि उसके दो साथियों ने बंटी और बृजेश के साथ लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने मारपीट करते हुए बृजेश के पर्स में रखे साढ़े चार हजार रुपए छीन लिए। वह कहने लगे कि तेरे खाते में कितने रुपए हैं। बृजेश डर गया और उसने बताया कि उसके खाते में सिर्फ तीन हजार रुपए हैं। इस दौरान आरोपी ने अपने मोबाइल पर वाट्सएप्प के माध्यम से क्यूआर कोड बुलाया और तीन हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। आरोपियों ने बृजेश के साथी बालकिशन के साथ मारपीट करते हुए उससे भी पर्स मे रखे दो हजार रुपए भी छीन लिए। तीनों आरोपियों ने मोबाइल चेक किए और लात मारकर भगा दिया। आरोपी कह रहे थे कि यदि पुलिस से शिकायत की तो वह जान से खत्म कर देंगे।

## युवक से कट्टा और कारतूस बरामद

**भोपाल।** कोलार पुलिस ने एक बदमाश को कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात सूचना मिली कि सफेद शर्ट और काले रंग की जींस पहना एक युवक हिनौतिया आलम रोड के पास खड़ा है, जिसके पास अवैध हथियार हो सकता है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशुतोष उपाध्याय ने एक विशेष टीम बनाकर घटनास्थल के लिए रवाना किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पिंटू उर्फ सुशांत गुप्ता (20) निवासी 610 क्वार्टर हिनौतिया आलम कोलार रोड बताया। तलाशी लेने पर उसके पास 12 बोर का कट्टा और दो जिंदा कारतूस मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मारपीट और अड़ीबाजी समेत पांच मामले पहले से दर्ज हैं।





## शराब के लिए अड़ीबाजी, बेल्ट से पीटा

**भोपाल।** कमला नगर इलाके में शराब के लिए रुपए नहीं देने पर एक युवक ने दूसरे के साथ बेल्ट से मारपीट की और उसका मोबाइल फोन फटक कर तोड़ दिया। इस मामले में काउंटर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक अभिषेक धावरी (19) राहुल नगर में रहता है और प्रायवेट काम करता है। उसके मोहल्ले में गणेशजी की झांसी लगाई गई है। गुरुवार रात करीब आठ बजे मोहल्ले में रहने वाला सोनू खरे पहुंचा और अभिषेक से शराब के लिए रुपयों की मांग की। रुपये देने से मना करने पर उसने अभिषेक के साथ मारपीट की और उसका मोबाइल तोड़ दिया। इधर इधर सोनू ने पुलिस को बताया कि वह हवन के लिए लकड़ियां लेकर पहुंचा था, तभी अभिषेक उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने वहीं पड़े डंडे से मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट पर काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

## बीआर्क और एमआर्क में रजिस्ट्रेशन 30 तक

**भोपाल।** भोपाल काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर ने विभिन्न कोर्सेस में प्रवेश के लिए अंतिम तारीख बढ़ा दी है। डिप्लोमा इन आर्किटेक्चरल, असिस्टेंशिप, आर्किटेक्चर एंड इंटीरियर डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बीआर्क) और एमआर्क पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की समय सारिणी फिर से जारी की गई है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन काउंसलिंग की समय सारिणी जारी कर दी है। इनमें 30 सितंबर तक ऑनलाइन पंजीयन होंगे। संबंधित कॉलेज में प्रवेश के लिए स्टूडेंट को 29-30 सितंबर को उपस्थित होना होगा ।

**तकनीकी शिक्षा विभाग ने जारी की ऑनलाइन काउंसलिंग की समय सारिणी**

**आरजीपीवी : रैगिंग के दूसरे मामले में बड़ी कार्रवाई**

## दो छात्रों पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना, छह माह के लिए संस्थान से निष्कासित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) ने 24 सितंबर को हुई रैगिंग की घटना को लेकर कार्रवाई की है। दो गुटों के बीच हुए मारपीट के मामले में शुक्रवार को प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सामने दोनों पक्षों के विद्यार्थियों को पेश किया गया। सुनवाई के बाद विवि ने दोषी पाए गए दो छात्रों पर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना और छह माह के लिए संस्थान से निष्कासित करने का फैसला सुनाया है। वहीं तृतीय वर्ष के दो छात्रों पर 10-10 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इन्हीं छात्रों पर मंगलवार को भी एक अन्य मामले में 25-25 हजार का जुर्माना लगाया गया था। इसके अलावा द्वितीय वर्ष के चार अन्य

**कुल 10 छात्रों पर हुई कार्रवाई, 8 पर 10-10 हजार का जुर्माना लगाया**


फाइल फोटो

छात्रों पर अनाधिकृत रूप से छात्रावास में प्रवेश करने और आरोपी छात्रों का सहयोग करने के कारण 10-10 हजार का जुर्माना लगाया गया है। चंद्रशेखर आजाद छात्रावास के द्वितीय वर्ष के दो अन्य छात्रों पर भी 10-10 हजार का अथदंड और छात्रावास का आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई की गई है।

## मप्र के तीन व्यक्तियों को राष्ट्रपति से मिला राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मध्यप्रदेश के तीन व्यक्तियों को राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में वर्ष 2021-2022 के लिए भोपाल की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदिरा बर्मन और स्वयंसेवक अक्षिता शर्मा एवं जबलपुर के स्वयंसेवक अंकित लखेड़ा को सम्मानित किया। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा स्थापित राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रतिवर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों और विश्वविद्यालयों को उनके स्वैच्छिक सेवा योगदान को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदिरा बर्मन के नेतृत्व में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने 4482 पौधे लगाने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वायत्त महाविद्यालय, भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक सुश्री अक्षिता शर्मा ने 180 पौधे लगाए हैं और रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया है।

## ट्रैफिक एएसआई के पैर पर चढ़ा जनरेटर का पहिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भदभदा चौराहे पर गणेश विसर्जन की ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक के एएसआई के पैर पर एक वाहन का पहिया चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है।




कमला नगर पुलिस के मुताबिक तिवारीलाल पेन्द्रो (58) ट्रैफिक पुलिस में एएसआई हैं और साउथ टीटी नगर में रहते हैं। गुरुवार को गणेश विसर्जन के दौरान उनकी ड्यूटी भदभदा चौराहे पर लगाई गई थी, जहां वह ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे एक ट्रैक्टर चालक अपने पीछे जनरेटर को टोचन करके तेज रफ्तार में लेकर जा रहा था। उन्होंने चालक को बोला कि वाहन की रफ्तार कम करे और उसे सड़क के किनारे से लेकर जाए। इस पर चालक ने सैर सपाटा से डिपो चौराहे की तरफ जाने के लिए अचानक ट्रैक्टर को तेजी से मोड़ा, जिससे पीछे टोचन में लगे जनरेटर का पहिया तिवारीलाल के पैर पर चढ़ गया। इससे उनके पैर में गंभीर चोट आई। साथी कर्मचारियों ने तिवारीलाल को इलाज के लिए मालवीय नगर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बगैर बताए घर से लापता हुई किशोरी सागर में मिली

**भोपाल।** शाहपुरा पुलिस ने बगैर बताए घर से लापता हुई एक किशोरी को सागर से बरामद कर लिया है। इस मामले में अपहरण करने वाले नाबालिग को भी पकड़ा गया है। पुलिस के मुताबिक बीती 23 सितंबर को इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इलाके में रहने वाली 35 वर्षीय महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी घर से बगैर बताए चली गई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालिका की तलाश में एक विशेष टीम लगाई गई थी। तकनीकी जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर बालिका को मालथौन जिला सागर से बरामद कर लिया गया। उसे बहला-फुसलाकर ले जाने वाले नाबालिग लड़के को भी पकड़ा गया है।

**मेट्रो एंकर** | **ईंटखेड़ी थानांतर्गत ग्राम बीनापुर का मामला...**

# किसान के सूने मकान से नगदी जेवरात समेत छह लाख का माल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ी थानांतर्गत ग्राम बीनापुर स्थित एक सूने मकान ताला तोड़कर चोर घरेलू सामान, लाखों के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। वारदात के समय पूरा परिवार खेत पर बने मकान पर था। बदमाश उनके घर से करीब छह लाख रुपए का माल चुराकर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस इलाके में इसके पहले भी कई सूने मकानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है, लेकिन एक भी वारदात का खुलासा नहीं कर पाई है।

पुलिस के मुताबिक श्यामबाई पत्नी कैलाश अहिरवार (50) ग्राम बीनापुर में रहती हैं और गृहणी हैं। उनका परिवार खेती किसानी करता है। श्यामबाई का पुराना मकान खेत पर बना हुआ है, जबकि करीब एक साल पहले उन्होंने गांव में नया पक्का मकान बनाया, जहां परिवार





शिफ्ट हो चुका है। श्यामबाई के पति पिछले करीब आठ दिनों से गैस पीड़ित मेमोरियल अस्पताल में भर्ती थे। इस दौरान उनका बेटा महेश अहिरवार मकान पर सोया करता था। गुरुवार को कैलाश को अस्पताल से छुट्टी मिली तो परिजन उन्हें खेत वाले मकान पर ले गए। रात करीब आठ बजे महेश भी नए मकान पर ताला लगाकर खेत वाले मकान पर चला गया था। शुक्रवार सुबह करीब ग्यारह बजे गांव वाले



घर पहुंचा तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो गोदरेज की अलमारी टूटी थी, लाकर उखड़ा था और पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर घर में लगी सैमसंग कंपनी की एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर, अलमारी के लाकर में रखी सोने की 4 चूड़ियां, सोने का हार, मंगलसूत्र, सोने की 2 अंगूठियां, सोने की चैन, सोने की झुमकी, कान के टाप्स, चांदी की पायजेब, बिछुड़ी, पीतल के बर्तन गघरा, परात समेत अन्य सामान और 40 हजार रुपए नकदी गायब थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।


**ज्योतिष परामर्श**

***ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें***

**श्रुति रावत ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ**

**व्हाट्सएप नं.** 7869267010

**कॉलिंग नंबर** 7415497010

shrutirawat16@gmail.com



**परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए**


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022